
12 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 54




## झारखंड की मंईयां के सम्मान में हेमंत सोरेन का मास्टर स्ट्रोक

# नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण

- विधानसभा में राज्यपाल संतोष गंगवार ने अभिभाषण में की घोषणा
- केंद्र सरकार से बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये लाने की भी की घोषणा

## सरकारी विभागों में 80 हजार पदों पर होगी नियुक्ति



### केंद्र सरकार से राशि लेने के लिए लड़ेंगे कानूनी लड़ाई

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और उनकी कंपनियों के बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये हासिल करने के लिए झारखंड सरकार कानूनी रास्ता देखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय नीति बनाकर आदिवासियों-मूलवासियों को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत-प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के सम्मान में मास्टर स्ट्रोक लगाया है। उन्होंने नयी सरकार की सोच और रोड मैप को बुधवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से साफ कर दिया। अभिभाषण में राज्य में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा की गयी। वहीं, राज्य में विभिन्न विभागों में 87.50 हजार खाली पदों पर नियुक्ति किये जाने का भी एलान किया गया। इनमें शिक्षकों के 60 हजार, प्रधानाध्यापकों के 15 हजार, विभिन्न कार्यालयों में लिपिकों के ढाई हजार और विभिन्न थानों में 10 हजार पुलिस कर्मियों के पद शामिल हैं। क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10 हजार पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। यह घोषणा राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को अभिभाषण में की।

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र चल रहा है। बुधवार को सत्र का तीसरा दिन था। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने कई घोषणाएं की। उन्होंने सरकार द्वारा पिछली विधानसभा में किये गये कार्यों की भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और अल्पसंख्यकों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया है। झारखंड सरकार ने सरना धर्म कोड बिल को पास कर दिया है। ये सभी बिल फिलहाल केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास लंबित पड़े हैं। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार इन प्रस्तावों को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाने का प्रयास करेगी।

### अनुभवी और नये सदस्यों का समागम

राज्यपाल ने सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं, जबकि कई सदस्य पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाओं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। विधानसभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की घोषणाएं

- हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे।
- खासमहाल एवं जमाबंदी की जमीन पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैर-मजरुआ जमीन पर बसे रैयतों की भूमि, जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा।
- राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा।
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाये।
- किसानों को ब्याजमुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- उद्वह सिंचाई योजना को आगे बढ़ाते हुए 10 हजार करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जायेंगी।
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे।
- सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी।
- 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।
- सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जायेगी।
- केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।
- राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा।
- राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा।
- राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किये जायेंगे।
- राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे।
- राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।
- सक्रिय महिला, समन्वयक कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वृद्धि की जायेगी।
- राज्य के सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा।
- राज्य के सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने सात किलोग्राम चावल और दो किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जायेगा।
- अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल बोले, आप अपने दम पर दिल्ली चुनाव लड़ेगी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया। केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उसके कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। बुधवार को यह खबर सामने आयी थी कि आप दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 15 सीट देने पर विचार कर रही है, लेकिन केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए गठबंधन की बात को नकार दिया है।

### राजस्थान-मध्यप्रदेश और दिल्ली में कोल्ड डे, पारा 10° से नीचे

नयी दिल्ली। हिमालय में हो रही बर्फबारी और मैदानों की तरफ चलने वाली हवाओं से पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में कोल्ड डे का अलर्ट है। इन राज्यों में पारा 10° से नीचे चला गया है। राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा 0° पर पहुंच गया है। यहां कार की छतों पर पड़ी ओस की बूंदें जम गयीं। सीकर के फतेहपुर में पारा माइनस 1° रिकॉर्ड किया गया। मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में भी हर तरफ ओस जमी हुई नजर आ रही है। यहां रात का पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हिमाचल और उत्तराखंड में पाला पड़ने का अलर्ट जारी किया है। यानी यहां जमीन, हवा से भी ठंडी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में तापमान एक हफ्ते से माइनस में है।

# मंईयां सम्मान योजना के लिए 6390.55 करोड़ मांगा

- सदन में 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश
- स्कूली शिक्षा, ऊर्जा और कृषि-पशुपालन पर फोकस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इस बजट में सबसे अधिक पैसा महिला बाल विकास विभाग को आवंटित किया गया है, जिसके तहत सरकार मंईयां सम्मान योजना के लिए 6390.55 करोड़ की मांग की गयी है। इसके अतिरिक्त जिन विभागों पर फोकस रखा गया है, उनमें स्कूली शिक्षा, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास, गृह कारा, ऊर्जा विभाग और कृषि-पशुपालन विभाग शामिल है।

षष्ठम विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर संदेश पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सदन में आये और अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट में ऊर्जा विभाग के लिए 2,577.92 करोड़ की जरूरत बतायी गयी है। इससे साफ है कि बिजली बिल माफी योजना में दी गयी राशि की भरपाई के लिए विभाग को इस राशि की जरूरत है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (गृह प्रभाग) के लिए 445 करोड़ 96 लाख, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (सेकेंडरी शिक्षा प्रभाग) के लिए 301 करोड़ 89 लाख और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक एवं व्यस्क शिक्षा प्रभाग) के लिए 245 करोड़, पथ निर्माण विभाग के लिए 170.15 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग के लिए 194.28 करोड़ और पशुपालन विभाग के लिए 250.06 करोड़ रुपये की मांग की गयी है।

### सदन में होगी चर्चा आज होगा पारित

सत्र का गुरुवार को आखिरी दिन है। पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। फिर मुख्यमंत्री चर्चा का जवाब देंगे और प्रस्ताव पारित किया जायेगा। इसके बाद दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी और इसे पारित कराया जायेगा।

# मंत्री संजय यादव के लिए जनता है 'मालिक'

- जीत की वजह, जनता से पारिवारिक रिश्ता मानना

**प्रशांत झा**



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रम, नियोजन और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव तीसरी बार गोड्डा से चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। वह 2000 और 2009 में भी गोड्डा से विधायक रहे हैं। 2024 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के अमित मंडल को शिकस्त दी है। हेमंत सोरेन सरकार में राजद कोटे से श्रम और नियोजन मंत्री बने हैं। उनके लिए क्षेत्र की जनता ही सर्वोपरि है। वह जनता को 'मालिक' शब्द से संबोधित करते हैं। वह कहते हैं, राज्य का विकास वैसा ही होगा, जैसा 'मालिक' चाहेगा।

संजय बुधवार को विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद राजद के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहीं 'आजाद सिपाही' अखबार की टीम की उनसे मुलाकात हुई। संजय यादव आज भी वैसे ही मिले, जैसे वह वर्ष 2000 से पहले एक सामान्य व्यक्ति की तरह मिलते थे। या फिर वर्ष 2000 और 2009 में एक विधायक के रूप में मिलते थे। वैसे ही चिरपरिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए और पूरे जोश से मुलाकात। कहीं से एहसास नहीं कि वह राज्य में हेमंत सरकार के एक मंत्री हैं। ऐसा केवल मीडिया के मित्रों से नहीं, पार्टी कार्यालय में एक-एक व्यक्ति से इसी अंदाज में मिल रहे थे। उनमें कोई बदलाव नहीं था। कार्यालय में जो भी आ रहा था, उन्हें मिठाई खिलाने के लिए बोल रहे थे। संजय यादव को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का बेहद करीबी माना जाता है। संभवतः इसलिए राजद कोटे से वह मंत्री भी बने हैं। पर मंत्री बनने का कहीं से गुमान उनमें नहीं दिख रहा था। यों कहें कि आज भी वह पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में ही पार्टी कार्यालय में नजर आये।

### लोग मुझे परिवार का सदस्य मानते हैं

संजय प्रसाद अपनी जीत के बारे में बताते हैं कि 'मालिक' यानी जनता मेरा परिवार है। उसी परिवार की देन है कि मैं यहां हूं। उनका राज्य के उद्योग, रोजगार, श्रम सभी को लेकर विजन भी साफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश और मार्गदर्शन में काम होगा। विकास की बात होगी, तो जनता जैसा चाहेगी, वैसा ही होगा। भविष्य में सब कुछ दिखने लगेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,300 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो



# मंईयां योजना कोई प्रसाद नहीं, उनका हक है

## ■ हेमंत सरकार ने ग्रामीणों की आर्थिक संपन्नता की परिकल्पना की

## ■ शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और रूरल इकॉनमी को मजबूत करने की जरूरत

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर झारखंड के अनुभवी नेताओं में से एक हैं। वह झारखंड को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। राधाकृष्ण किशोर छह बार के विधायक हैं। वित्त मंत्री के रूप में झारखंड के विकास मॉडल पर वह बेबाक राय रखते हैं। 'आजाद सिपाही' से बातचीत से दौरान मंईयां सम्मान योजना से लेकर ग्रामीणों के आर्थिक विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था से लेकर राज्य के विकास पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कैसे हेमंत सोरेन सरकार मजबूती से झारखंड के विकास मॉडल को विकसित करने में लगी है। कैसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक स्पष्ट विजन के साथ सभी को टास्क दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन ही झारखंड को आगे ले जायेगा।यहां पेश है आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह के साथ उनकी बातचीत के प्रमुख अंश।**



**यह हेमंत सोरन की सरकार ही है जिसने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आर्थिक संपन्नता की परिकल्पना की है।**

***सवाल:** हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में फिलहाल झारखंड की जो मौजूदा स्थिति है, जो विकास की गति है, आपकी नजर में फिलहाल झारखंड अभी कहां स्टैंड करता है?*

**जवाब:** झारखंड जिन उद्देश्यों को लेकर बनाया गया था, मेरी व्यक्तिगत सोच है कि अभी उस पर बहुत काम करना बाकी है। वह उद्देश्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। लेकिन यह हेमंत सोरन की सरकार ही है, जिसने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आर्थिक संपन्नता की परिकल्पना की है। यह स्टेट रेन शैडो एरिया में पड़ता है, हर एक साल के बाद इस राज्य को सुखाड़ का सामना करना पड़ता है और हमारी जो रूरल इकॉनमी है, वह एग्रीकल्चर पर आश्रित है। सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण, जब यह राज्य और यहां के किसान सुखाड़ का सामना कर रहे होते हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र की जो आर्थिक स्थिति है, वह अत्यंत ही कमजोर हो जाती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पहला फोकस है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाये और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए एलाइड एग्रो सेक्टर के माध्यम से मत्स्य पालन, दुध उत्पादन, पशुपालन, तालाब में अगर पानी उपलब्ध कराया जाये तो मछली पालन बहुत ही सुलभता के साथ किया जा सकता है। इसके माध्यम से हम रोजगार भी दे सकेंगे नौजवानों को और रूरल इकॉनमी को मजबूत भी कर सकते हैं। वाटर कंजर्वेशन झारखंड में बड़ी समस्या रही है, दुर्भाग्यवश पूर्ववर्ती जो सरकार रही, हेमंत सोरेन के पहले, वाटर कंजर्वेशन पर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। आप देखेंगे कि हमारे यहां जो नॉर्मल आवश्यकता है, सामान्य वर्षापात का, वह 1200 से 1300 मिलीमीटर प्रति वर्ष है। लेकिन जब कभी सुखाड़ का सामना इस राज्य ने कया है, तो 600-700 मिमी बारिश हुई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि 600-700 मिमी बारिश में 20 प्रतिशत ही वर्षा जल को हम बचा पाते हैं, शेष 80 प्रतिशत वर्षा जल नदी नालों के माध्यम से समुद्र में चला जाता है। आवश्यकता इस बात की है कि यह जो वर्षा जल है, इस जल को कैसे संचय करें, संगृहीत करें, इसकी आवश्यकता है। हेमंत सोरेन का पूरा फोकस है कि हम वाटर कंजर्वेशन को भी स्ट्रांग करें। उससे एक फायदा यह होगा कि सतही जल भी हमारा मेंटेन रहेगा और ग्राउंड वाटर भी रिचार्ज होगा।



**हमारे पास माइंस-मिनरल्स हैं, कच्चा माल है, तो उस पर आधारित उद्योग यदि यहां लगाया जाये, तो राजस्व भी मिलेगा और रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा, जो हमारे लिए जरूरी है।**

***सवाल:** झारखंड में और कौन से सेक्टर हो सकते हैं, जहां पर फोकस किया जाये तो झारखंड का विकास और प्रबल होगा ?*

**जवाब:** मैं अपनी व्यक्तिगत राय बताना चाहता हूं। लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, बातें होती भी हैं कि उद्योग की स्थापना हो। लेकिन मेरा जो अपना अध्ययन है, वह यह कहता है कि रॉ मैटेरियल हमारे पास है, यदि हम उस पर आधारित उद्योग कोई भी निवेशक अगर करना चाहता है, तो वह करे लेकिन, यह भी देखा जाता है कि मार्केटिंग कहां हो पायेगी। अगर यहां कच्चे माल पर आधारित उद्योग की स्थापना हो रही है, या की जा रही है तो फिर उसकी मार्केटिंग अगर दूसरे राज्य में और दूर दराज के राज्य में हो रही है, तो उसका कॉस्ट बढ़ेगा। अब यह देखने वाली बात होगी कि यह फीजिबल होगा या नहीं होगा। तो मेरे दृष्टिकोण से जो भी हमारे पास माइंस मिनरल्स हैं, तो उससे मिलने वाली जो रॉयल्टी है, जो पैसा है, वो राज्य सरकार को मिले, तो हम रेवेन्यू में इजाफा कर सकते हैं, उसको बढ़ा सकते हैं।



***सवाल:** झारखंड का बजट जो 2024-25 का रहा, एक लाख 28 हजार 900 करोड़ का, लेकिन अभी झारखंड सरकार की बहुत सारी योजनाऐं चल रही हैं। जैसे मंईयां सम्मान योजना है और भी कई प्रकार की योजनाएं हैं, सर्वजन पेंशन, फ्री बिजली भी है, गैस सिलिंडर भी देना होगा, अबुआ आवास भी देना है, तो जो अमाउंट है वह तो निर्धारित अमाउंट है, योजना में आप देंगे ही, विकास कार्य में पैसा लगाना भी है, तो इसको किस तरीके से मैनेज करेंगे ?*

**जवाब:** एक, जो कुछ लोगों के मन में बातें आती हैं, सार्वजनिक रूप से कि मंईयां सम्मान योजना को एक प्रसाद के रूप में दिया जा रहा है और वोट की राजनीति के तहत किया जा रहा है, यह गलतफहमी है, मैं इसे दूर करना चाहता हूं। देखिये, आप भी झारखंड से हैं, हम लोग भी झारखंड से हैं। हमने देखा है कि गांव की स्थिति क्या है, वहां की आर्थिक स्थिति क्या है। जो गांव की महिलाएं हैं, हमारी बेटियां हैं, उनकी क्या स्थिति है। आप चले जाइए किसी भी पहाड़ी क्षेत्र के नीचे जितने सारे गांव हैं, उन्हें दो वक्त की रोटी भी उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसे में उनके पास नगद राशि भी नहीं है कि छोटी मोटी बीमारियों के इलाज के लिए वो दवा खरीद सकें। मंईयां समान योजना जो अब 1000 रुपये से बढ़कर 2500 रुपये होने जा रही है, ये पैसा जब उनके हाथ में जायेगा, तो वे अपनी जरूरत की



**मंईयां समान योजना जो 1000 रुपये से बढ़कर 2500 रुपये होने जा रही है, ये पैसा जब उनके हाथ में जायेगा, तो वे अपनी जरूरत की चीजों को खुद ले सकेंगी। खरीद सकेंगी।**

चीजों को खुद ले सकेंगी। खरीद सकेंगी। ***काटते हुए सवाल:** लेकिन सरकार पर इसका अतिरिक्त भार भी तो पड़ेगा ?*

**जवाब:** मैं बता रहा हूं, उस पर आ रहा हूं। देखिये वो पैसा जब खर्च होगा, तो वह गांव के बाजार में खर्च होगा, रिमोट एरिया के मार्केट में खर्च होगा। वह पैसा जो वहां खर्च होगा, आप सिर्फ एक गांव को नहीं देखें, आप उन सभी लाभांन्वित को देखें तो उनके द्वारा खर्च किया गया पैसा, घूम फिर कर के जीएसटी के माध्यम से और दूसरे टैक्सेस के माध्यम से वापस राज्य सरकार के खजाने में आयेगा। मुफ्त चूल्हा की स्थिति नहीं होगी कि एक बार दे दिया और फिर वह पड़ा का पड़ा रह गया। यह जो हम दे रहे हैं वापस यह पैसा किसी ना किसी रूप से राज्य के खजाने में आयेगा और उसका एक निश्चित भाग हमें प्राप्त होगा। जहां तक आपने अतिरिक्त भार का सवाल किया है तो यह इस फाइनेंशियल ईयर में तो नहीं है कि अतिरिक्त भार पड़ने वाला है। देखिए हर पांचवा वर्ष झारखंड के लिए चुनावी वर्ष होता है। झारखंड राज को दो चुनाव का सामना करना पड़ता है, एक लोकसभा, दूसरा विधानसभा। तो चार पांच महीने तो आदर्श आचार संहिता में लग जाते हैं, चाह कर भी सरकार योजनाओं पर खर्च नहीं कर पाती। तो खर्च की स्थिति कमजोर दिखाई पड़ती है। हम लोग इस बात का आकलन करेंगे कि कौन ऐसा विभाग है जो चार महीने, छह महीने के बीच में जितना उसको खर्च कर लेना चाहिए था, जो आदर्श आचार संहिता लगने के कारण खर्च नहीं कर पाया, हम उसमें एक निश्चित परसेंटेज में अमाउंट का कटेल करके, मंईयां सम्मान योजना को देंगे ताकि वह प्रभावकारी हो सके। ऐसे भी वह पैसा अगर उनके पास रह जाये, तो उस स्थिति में ऐसे कुछ एक विभाग ऐसे होंगे जो समुचित राशि का उपयोग नहीं कर पायेंगे।

***सवाल:** मंईयां सम्मान योजना की ही बात की जाये, तो एक साल में अगर 50 लाख महिलाओं को भी अगर यह राशि दी जाती है, तो 15 हजार करोड़ इस पर खर्च होंगे। इसके इतर सरकार की अन्य योजनाएं भी चल रही हैं। जैसे अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना, किसान कर्ज माफी, 200 यूनिट फ्री बिजली बिल। और भी कई तरह की योजनाएं हेमंत सरकार चला रही है। इसके साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्रर डेवलपमेंट भी करना है, इसको मैनेज करने का क्या प्लान है?*

***रेवेन्यू जनरेशन को मजबूत करने की जरूरत***

**जवाब:** उसी पर मैं काम कर रहा हूं। हमारी सरकार काम कर रही है कि हमारा जो रेवेन्यू है, हमारे पास जो स्टेट का ओन टैक्स डिपार्टमेंट है, हम उसके रेवेन्यू जनरेशन को मजबूत करें। मैंने एक चीज देखी है, प्रारंभिक स्तर पर जो अध्ययन मैं कर पाया हूं कि पूरे देश की खनिज संपदा का 40 प्रतिशत भंडारण हमारे यहां है और ओड़िशा की बात अगर करें तो ओड़िशा से हम बहुत आगे हैं। लेकिन माइंस के माध्यम से संभवतः 11 हजार करोड़ रुपये, प्रतिवर्ष झारखंड को मिलता है, जबकि ओड़िशा उसी माइंस के कारण 40 से 50 हजार करोड़ रुपया व प्रति वर्ष अर्न करता है। हम अपने सचिव से, वित्त सचिव से बात करके, हम एक टीम भी भेजना चाहेंगे ओड़िशा, जो उसके मॉडल का अध्ययन करे, ताकि हम उसको अपने राज्य में इंप्लीमेंट कर सकें।

***सवाल:** आपको, आपके अनुभव से क्या लगता कि झारखंड में वह एक चीज, एक क्षेत्र, या सेक्टर क्या हो सकता है जहां राज्य सरकार फोकस करे, तो पूरा झारखंड का आर्थिक मॉडल रिवाइव हो सकता है। वो कौन सा फोकस पॉइंट हो सकता है जिससे झारखंड का विकास तेजी से हो सके ?*

***सिर्फ टैबलेट से आप किसी कुपोषित बच्चे की समस्या का हल नहीं ढूंढ सकते***

**जवाब:** झारखंड में दो-तीन चीजें ऐसी हैं, जिस पर हम फोकस करना चाहेंगे और सरकार का ध्यान भी केन्द्रित करना चाहेंगे। एक तो हेल्थ सेक्टर को मजबूत करने की जरूरत है, जिसकी स्थिति बहुत खराब है ग्रामीण क्षेत्रों में या शहरी क्षेत्रों में भी। दूसरा यह कि ग्रामीण क्षेत्रों में एनआरएचएम पांच की रिपोर्ट है कि लगभग 65 से 70 प्रतिशत महिलाएं एनेमिक हैं। खून की कमी से ग्रसित हैं और जीरो टू पांच वर्ष के जो बच्चे हैं, वे लगभग 45 से 55 प्रतिशत ऐसे बच्चे हैं, जो कुपोषित हैं। तो इसमें एक दो विभागों का कोऑर्डिनेशन होना चाहिए। सिर्फ टैबलेट से आप किसी कुपोषित बच्चे की समस्या का हल नहीं ढूंढ़ सकते हैं। या बीमारी का इलाज नहीं ढूंढ़ सकते हैं। उसको प्रॉपर डायट भी मिलनी चाहिए। वेलफेयर डिपार्टमेंट हो या फिर फूड एंड सिविल सप्लाई हो, जो हमारी व्यवस्था है, वह इतनी मजबूत हो, आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से, फिर स्कूल में जो डायट की आपूर्ति की जाती है उसके माध्यम से, वह सशक्त हो। दूसरी बात यह है कि मेडिकल फैसिलिटी गांव में हो ताकि उनका इलाज सुलभता पूर्वक ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो जाये, ये हमारा फोकस है।

***शिक्षा व्यवस्था मजबूत करना प्राथमिकता***

एजुकेशन बहुत ही आवश्यक है। जब रघुवर दास की सरकार थी, तो ग्रामीण क्षेत्रों के दूर-दराज के स्कूलों को मर्ज कर दिया गया चार-पाच किलोमीटर की दूरी वाले विद्यालयों में। अब या तो वहां के बच्चों को सुबह आना पड़ता है 5 किलोमीटर, फिर वे घर लौटत हैं। कुल10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। समझा जा सकता है कि वे कितनी पढाई कर पायेंगे। जब शारीरिक रूप से वे थक जायेंगे, तो घर में आकर तो वे रिवीजन कर नहीं सकते। तो मैं तो कहूंगा और एक समय था, जब उग्रवादी, माओवादी लेफ्टिस्ट भी पढ़ाई करवाते थे, पहाड़ों में, जंगलों में। तो एक तरफ तो उन लोगों ने अपनी ओर से पाठशाला खोल रखी थी और दूसरी तरफ रघुवर सरकार ने स्कूलों को मर्ज करने का निर्णय ले लिया उस क्षेत्र मों सरकार का लॉजिक था कि 10 ही बच्चे हैं, हमने कहा कि 10 ही बच्चे सही लेकिन वे पढ़ेंगे तो शिक्षा तो ग्रहण करेंगे। स्कूल को मर्ज करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं शिक्षा मंत्री जी से भी बात करूंगा कि वह आइडेंटिफाई करें कि ऐसे विद्यालय, जहां उनका होना नितांत आवश्यक है, बच्चों की संख्या पर स्कूल मर्ज नहीं किया जाये, बल्कि जरूरत के आधार पर वहां शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की जरूरत है।



**सिर्फ टैबलेट से आप किसी कुपोषित बच्चे की समस्या का हल नहीं ढूंढ़ सकते हैं। किसी बीमारी का इलाज नहीं ढूंढ़ सकते हैं। उसको प्रॉपर डायट भी मिलनी चाहिए।**

***एग्रीकल्चर, एलाइड एग्रो सेक्टर को मजबूत करने की जरूरत***

तीसरा रूरल इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए हम दोनों सेक्टर पर काम करना चाहेंगे। हेमंत सरकार काम करना चाहेगी। एक तो वाटर कंजर्वेशन, जिसमें आपका एग्रीकल्चर ,जो इरिगेशन फैसिलिटी है, वो भी आता है। दूसरा एलाइड एग्रो सेक्टर को मजबूत करने से यह राज्य रूरल एरिया में भी और शहरी एरिया में भी इकॉनमी को मजबूती प्रदान कर सकता है।

---

## झारखंड के बेटे की मलेशिया में गयी जान

# परिजनों ने सीएम हेमंत सोरेन से शव वापस लाने की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के चतरोचटी थाना के करीर्खुर्द ग्राम निवासी जगदीश महतो की मौत मलेशिया में मंगलवार को टावर से गिरने हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने उनके अंतिम दर्शन के लिए सरकार से गुहार लगायी है।

**काम करने गया था मलेशियारू :** चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत करीर्खुर्द निवासी शनिचरा महतो के 22 वर्षीय पुत्र जगदीश महतो मलेशिया में काम करने गया था। टावर से गिरने से उसकी मौत हो गयी। घटना बीते मंगलवार की है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव वाले भी शोक में हैं।



**घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था जगदीशः** मृतक जगदीश महतो मलेशिया में एजी पावर कंपनी में काम करता था। वह घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। मृतक अपने पीछे बेटी राधिका कुमारी (7) और आशीष कुमार महतो (5) को छोड़ गया। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने सरकार से मलेशिया से शव लाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर-परिवार के सदस्यों को काफी विश्वास है कि राज्य सरकार मलेशिया से शव को मंगाने में सहयोग करेगी।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सीएम से की बात

**झारखंड के पेयजल आपूर्ति सह मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद को घटना की सूचना मिलते ही इसकी सूचना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है। मलेशिया से युवक के शव गांव में लाया जाये। उन्होंने अफ्रीका के कैमरून में झारखंड के विभिन्न जिलों के फंसे 41 मजदूरों को वतन वापसी पर भी मुख्यमंत्री को जानकारी देकर वतन वापसी पर पहल करने की बात कही।**

## झारखंड कैडर के नौ आइपीएस अफसरों का होगा प्रमोशन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैडर के नौ आइपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलेगा। इसको लेकर डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की बैठक 19 दिसंबर को होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के अलावा कई अधिकारी शामिल होंगे। वहीं दूसरी तरफ झारखंड कैडर के 1989 बैच के आइपीएस अफसर व तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। वहीं 1992 बैच के आइपीएस अफसर आरके मल्लिक भी जनवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। वे डीजी मुख्यालय हैं। जबकि डीजी रेल एमएल मीणा भी जनवरी 2025 में रिटायर हो जायेंगे। इनके अलावा आइजी के पद पर कार्यरत राजकुमार लकड़ा भी जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। वे 2005 के आइपीएस अफसर हैं। एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आइपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आइजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आइपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआइजी हो जायेंगे। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। इसके अलावा 2012 बैच के तीन आइपीएस किशोर कौशल, अंजनी झा और मो. अर्शी को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिलेगी।

# जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द करे झारखंड सरकार: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले 3 माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है, एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है।




कोर्ट ने यह भी कहा कि आमतौर पर हाइकोर्ट राज्य सरकार की पॉलिसी मैटर पर हस्तक्षेप नहीं करती है लेकिन यहां मामला सैकड़ों अभ्यर्थियों की नियुक्ति से जुड़ा है। जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने से जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा के साथ-साथ कई नियुक्ति प्रक्रिया भी लंबित पड़ी हुई है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि पिछले 3 माह से अधिक समय से झारखंड में जेपीएससी के अध्यक्ष का पद रिक्त है। जेपीएससी 11 से 13 की मेंस परीक्षा जून माह में पूरा होने के बाद सफल अभ्यर्थी साक्षात्कार एवं रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इस परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया जेपीएससी अध्यक्ष के नहीं रहने से पूरी नहीं हो पा रही है।

जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नयी सरकार का गठन हो चुका है, कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है? सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जायेगा नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 22.2 °c | 9.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.20 बजे | |



## राज्यपाल ने स्पीकर के पिता के निधन पर शोक जताया



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास जाकर उनके पिता गोलोक बिहारी महतो के निधन पर दुःख और शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति हेतु प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## मंत्री दीपिका पांडेय से मिला जिला परिषद के अध्यक्षों का प्रतिनिधिमंडल



झारखंड जिला परिषद के अध्यक्षों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय से बुधवार को मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से जिला परिषद एवं झारखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार एवं पंचायती राज व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में शांति देवी गढ़वा अध्यक्ष, सरला सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष धनबाद, निर्मला भगत, शांति देवी, पूनम देवी आदि शामिल थीं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता,कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।

**कर्क** सुख-सौहार्द की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

**सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएँ सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।

**कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है।

**तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे,नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।

**धनु** उत्साहित रहेंगे,अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** दिमागी तनाव दूर होंगे,पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी,कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक

# लड़कर जीत हासिल की, कभी हार नहीं मानी : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को सीएम आवास में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। बुधवार को रांची में झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में सीएम हेमंत सोरेन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है।

**राज्यवासियों के आशीर्वाद से मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ :** सीएम ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंच मजबूत करने का काम करना है, वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है।





## सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के रिजल्ट पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने कृष्ण कुमार हलदर की ओर से राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को हाइकोर्ट ने कहा है कि जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुनाता रिजल्ट जारी नहीं किया जाये। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बुधवार को सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा और कुमार पवन ने बहस की। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

# सरकार 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद करे : बाबूलाल

**चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीद 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।



बाबूलाल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद करें। साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

### खाद्य आपूर्ति विभाग 2जी नहीं, 5जी स्पीड में करेगा कार्य

# झारखंड का धान केवल राज्य में ही उपयोग होगा : डॉ इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की बैठक मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बिल्डिंग के एनेक्सी भवन में बुधवार को आयोजित की गयी इसमें विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री ने बैठक में विभागीय कार्यों की गहराई से समीक्षा की। कहा कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने कई घोषणाएं की और निर्देश विभागीय पदाधिकारियों को दिये। कहा कि राज्य के लगभग 5.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। कोई भी परिवार अनाज के अभाव में भूखा न रहे, यह तय हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के तहत सोहराय पर्व के अवसर पर बेहतर गुणवत्ता की धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण किया जायेगा। इस योजना में पूर्व में हुई गड़बड़ियों की शिकायतों पर सख्ती से जांच कराने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन भी मंत्री ने दिया।



झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चावल का वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 7 किलो किये जाने की बात कही। साथ ही कहा कि राज्य में उत्पादित धान को झारखंड के बाहर नहीं भेजा जायेगा। सभी संसाधनों का उपयोग झारखंड के लोगों के लिए ही किया जायेगा। झारखंड के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी चावल को घर-घर तक पहुंचाया जायेगा, ताकि कोई भी परिवार इससे वंचित न रह सके। विभाग को और अधिक सक्षम बनाने के लिए 286 एजीएम की बहाली आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जायेगी। विभाग 2जी नहीं, 5जी की स्पीड में काम करेगा और सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किये जायेंगे। मंत्री इरफान अंसारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि गलत कार्य करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी, जबकि अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा।

### जेएसएससी सीजीएल के परीक्षार्थियों पर हुए लाठी चार्ज पर सरकार को घेरा

# भाजपा आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ : चंपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला से बीजेपी विधायक चंपाई सोरेन ने जेएसएससी सीजीएल के छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के मामले में सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। सरकार ने अपने पहले ही कार्यकाल में छात्रों पर लाठी चार्ज कर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है।



**आंदोलन को कुचलने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण :** चंपाई सोरेन ने आगे लिखा है हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि अगर नियुक्ति समेत किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो उसकी सीबीआइ जांच कर इस पूरे विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है। लेकिन जिस प्रकार लाठियों के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

चंपाई सोरेन ने लिखा है कि भाजपा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।


INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT
CATERING TECHNOLOGY AND APPLIED NUTRITION, RANCHI
An Autonomous Institutions under Department of Tourism, Art Culture, Sport and Youth Affairs, Govt. of Jharkhand
(Affiliated to National Council of Hotel Management & Catering Technology, Ministry of Tourism, Govt. of India)
IHM RANCHI
NCHMCT
Jharkhand Tourism
Join the Top Government Hotel Management Institute IHM RANCHI & Other Prestigious IHMs
NCHM JEE 2025
For Admission to:
3 Year B.Sc.
Hospitality & Hotel Administration
Degree awarded by Jawaharlal Nehru University (JNU), New Delhi.
Portal will be live shortly. The link for the same will be available on NCHMCT website.
DATE OF EXAMINATION 27.04.2025
Express your interest by Scanning QR code & Filling details
Expression Form
Information Brochure
For more details visit www.nchm.gov.in, www.ihmranchi.in
Contact helpline No.: 1800 1803 151, 9162336888, 9162724666
Ref. No. IHM/Admission-01/2024 - 3956


# जयराम महतो ने कहा-युवाओं का भाग्य तभी बदलेगा, जब माननीय उनके बारे में सोचेंगे

**जेएसएससी सीजीएल को लेकर भी बोले, कहा- बात करने से ही समस्या का समाधान होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएलकेएम के सुप्रिमो जयराम महतो बुधवार को जब सदन पहुंचे तो उनसे पत्रकारों ने जेएसएससी-सीजीएल आंदोलन से जुड़ा सवाल किया और पूछा कि आरोप है कि क्या बीजेपी के इशारे पर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आज जब भी कोई आंदोलन होता है तो इसका ठिकरा विपक्ष पर फोड़ दिया जाता है। मैं तो कहता हूं अब तो सरकार बन गयी है आप खुद बाहर आइए। आप खुद छात्रों की टीम से बात कीजिए। आप छात्रों को संतुष्ट कीजिए। लाठीचार्ज के सवाल पर उन्होंने कहा कि कई छात्र के अलावे हमारे पार्टी के प्रत्याशी भी घायल हैं। उनसे मेरी मुलाकात नहीं हुई है। कल तक सदन है, सदन खत्म होने के बाद ही हम उनसे मिलेंगे। इस मुद्दे को भी मैं सदन में उठाऊंगा अगर मुझे समय मिला तो। उनसे जब एक पत्रकार ने पूछा कि आपने मुख्यमंत्री से बात की इसके बाद भी लाठीचार्ज हो गया। इसपर उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आज छात्रों के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार किया जा रहा है। एक और पत्रकार ने पूछा कि इस आंदोलन को राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है। इस पर जयराम ने कहा कि सरकार आपकी गठित हो चुकी है आप बैठ के बात कीजिए ना। बात करने से ही समस्या का समाधान होगा। छात्रों में आक्रोश बढ़ रहा है। बात बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन को जेएलकेएम का सर्मथन है। युवाओं के भाग्य से जुड़े सवाल पर जयराम महतो ने कहा कि युवाओं का भाग्य तभी बदलेगा जब माननीय उनके बारे में सोचेंगे। ये चुन के आये हैं उनके वोट से और सोचते हैं कि कहां से टेंडर मिलेगा। कहां से खनन का आवंटन किया जायेगा। कहां से भूमि का विस्तार किया जायेगा। जब ये 12 बजे रात में युवाओं के बारे में सोचेंगे तभी उनका भाग्य बदलेगा। एक अन्य पत्रकार ने जब उनसे पूछा कि कहा जा रहा है कि सीट को बेचा गया है। ज्यादातर सीट जिनको बेचा गया है वो बाहरी हैं। इसपर जयराम ने कहा कि संभवना है इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि कुछ समय के लिए जब चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने स्टेटमेंट देकर परीक्षा को पोस्टपोंड किया था और एसआइटी का गठन भी किया गया था।







**जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा :** आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की

# कैंडल मार्च निकाला, कहा-दोषी अफसरों को मिले सजा

- कैंडल मार्च में शामिल हुए अभ्यर्थी, कोचिंग संचालक, शिक्षक और अभिभावक
- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा का विरोध तेज हो गया है। विरोध में छात्र सड़कों पर उतर आये हैं। मंगलवार को प्रशासन द्वारा हजारीबाग के आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। लाठी चार्ज से कई छात्र गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायल छात्र फिलहाल अस्पताल में इलाजरत हैं। जिससे छात्रों एवं अभिभावकों में भारी नाराजगी है। इस लाठी चार्ज का झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने भी विरोध किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को सरकार और प्रशासन के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। यह संध्याकालीन कैंडल मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर रांची में छात्रों एवं अभिभावकों का भारी जुटान देखा गया। अभ्यर्थियों ने जमकर जेएसएससी आयोग और राज्य सरकार विरोधी नारे लगाये। सड़क पर घंटों तक जाम की स्थिति बन रही।

मौके पर लाठी चार्ज का कड़ी निंदा करते हुए छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। सीजीएल परीक्षाफल पर धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि कट-ऑफ अंक जारी नहीं कर सीधे चयनित छात्रों का सूची जारी करना सेटिंग-गेटिंग साबित होता है। पहले दिन के इस परीक्षा में लगभग मात्र 82 छात्रों का ही सिलेक्शन हुआ जबकि दूसरे दिन 22 सितंबर को हुई परीक्षा में लगभग 2149 छात्रों का सिलेक्शन हुआ है जो कि एक गंभीर जांच का विषय है। छात्रों के भविष्य का ख्याल रखते हुए तत्काल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पर रोक लगायी जाये एवं इस विवादित परीक्षाफल को रद्द कर पुनः प्रदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन होना चाहिए।

कैंडल मार्च के दौरान देवेंद्र नाथ महतो, चंदन रजक, खगेन महतो, हर्षित सिंह, कर्मू मुंडा, लक्ष्मी कुमारी, रवी मंडल, विजय, प्रभु, विष्णु आदि हजारों की संख्या में अभ्यर्थी, कोचिंग संचालक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।




मोक्षदा एकादशी विक्रम संवत 2081, बुधवार को हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में खाटूनरेश को ग्वाल भोग अर्पित करके पंचदीपों की ग्वाल आरती की गयी।

## डीसी के निर्देश पर निरीक्षण, पकड़े गये 15 अवैध बालू लदे वाहन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों पर काफी गंभीर हैं। इसका असर काफी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रहा है। उनके दिशा-निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर ने कल रात औचक निरीक्षण किया। कल रात से ही लगातार मेसरा थाना, दलादली टीओपी, टूपुदाना, बेड़ो, लापुंग थाना अंतर्गत कुल 15 गाड़ी पकड़ी गयी। इसमें 12 अवैध बालू लदी गाड़ी और 3 स्टोन चिप्स लदी गाड़ी पकड़ी गयी। वाहन मालिकों, ड्राइवरों एवं इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## जेसीएम के अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा बुधवार को सीएम हाउस कांके रोड में हुई जिसमें पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य और 24 जिलों से जिला अध्यक्ष एवं सचिव, सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष, प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के अध्यक्ष अमन तिवारी ने छात्र मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें जीत की बधाई दी, साथ ही इस नये कार्यकाल में छात्रहित, उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का आग्रह किया।

गीता जयंती उत्सव का किया गया आयोजन

## सनातन समाज के शौर्य का प्रतीक दिवस है गीता जयंती: डॉ वीरेंद्र साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय, होचर, कांके रांची परिसर में बुधवार को पूर्वाह्न 8:30 बजे गीता जयंती के पावन दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र साहू, विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा श्रीमद्भागवतगीता का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी गयी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि द्वापर युग में श्रीमद्भागवत गीता समस्त मानव के जीवन जीने के वास्तविक संदर्भ को भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कुरुक्षेत्र के मध्य खड़ा होकर अपने विराट स्वरूप को प्रकट करते हुए अर्जुन को बतलाया है कि कर्म करते जा, फल की चिंता ना कर। जब-जब धर्म की हानि होती है, अधम-अभिमानी बढ़ते हैं, तब -तब भगवान स्वयं मानव का रूप धारण करके विधर्मियों का नाश करते हैं। उन्होंने कहा वर्तमान में गीता जयंती का महत्व भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामजी से भी जुड़ा हुआ है। 1992 में गीता जयंती तदनुसार 6 दिसंबर को समस्त हिंदू जनमानस के प्राण श्रीराम के जन्मस्थली पर खड़ा विवादित ढांचा को हटाकर पुनः भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला जी को प्रतिस्थापित किया गया था। आज उसी स्थल पर 22 जनवरी, 2024 को नूतन भव्य मंदिर में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम लला जी का पुनर्स्थापना किया गया जो सनातन समाज के शौर्य का प्रतीक है।

## सेक्रेड चाइल्ड स्कूल कोकर में क्राफ्ट प्रदर्शनी लगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को सेक्रेड चाइल्ड स्कूल कोकर में क्राफ्ट एक्जिजिबिशन का आयोजन किया गया। इस क्राफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों और उनके अभिभावकों द्वारा बनायी गयी विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट का प्रदर्शन किया गया। इसमें पेपर से बने आर्ट, शामिल थे। बच्चों ने अपने अभिभावकों के सहयोग से शानदार और अनूठी रचनाएं प्रस्तुत कीं, जो उनकी रचनात्मकता और मेहनत को दर्शाती थीं। इस आयोजन ने अभिभावकों और बच्चों को एक साथ काम करने और अपने विचारों को साकार करने का अवसर प्रदान किया। हर साल की तरह इस साल भी इस प्रदर्शनी का स्कूल में आयोजन किया गया। सबसे सुंदर तीन प्रतिभागियों को वार्षिक कार्यक्रम में पुरस्कृत भी किया जायेगा। यह वार्षिक कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता और कला कौशल को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर देता है।

## बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर

- 14 जिलों के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में किशोर न्याय कानून 2015, झारखंड नियम 2017 एवं मिशन वात्सल्य 2023 के प्रावधानों के अधीन कुशलतापूर्वक सर्वोत्तम बालहित में कार्यों को करने के संदर्भ में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक रांची के हेहल स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में किया गया था। प्रशिक्षण में 14 जिले के कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून, बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी दी गयी। प्रतिभागियों को किशोर न्याय कानून में निहित 12 कोटी के जरूरतमंद बच्चों के (जिनकी उम्र 0-18 वर्ष (जिसने 18 वर्ष पूरे नहीं किये हों) हितों की रक्षा के लिए वर्तमान में मौजूद कानून यथा बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून, पोक्सो एक्ट, बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी दी गयी। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार कानून एवं सीएनसीपी कोटी के बच्चों के हितार्थ मौजूद कानून के संदर्भ में प्रशिक्षियों को जानकारी दी गयी। साथ ही अनाथ, दिव्यांग, आपदा प्रभावित, नशीली दवाओं से प्रभावित, रोगग्रस्त बच्चों एवं विविध कोटी के संकटाग्रस्त बच्चों के रेस्क्यू, राहत, पुर्नवास एवं सामाजिक, आर्थिक उन्ययन, कौशल प्रशिक्षक तथा विविध सरकारी योजनाओं का लाभ एक छतरी के नीचे आइसीपीएस के प्रावधानों में दिये जाने से संबंधित जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गयी।

## वाइबीएन विवि के 6 छात्र राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए गये पटना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बुधवार को वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची के छह छात्र-मनीष कुमार, टसन महतो, विकास कुमार, हेमा कुमारी, आस्था कच्छप और अंशु रानी - राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, बीआइटी पटना के लिए रवाना हुए। यह शिविर बीआइटी पटना में 12 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलेगा। एनएसएस कोऑर्डिनेटर ने उन्हें अपने आशीष वचनों के साथ विदा किया।

शिविर के लिए रवाना होने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव ने भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ये शिविर छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव होगा और वे इस अवसर का पूरा लाभ उठायें। श्री यादव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर न केवल शैक्षिक बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने अनुभवों को साझा करें और अपने सहयोगियों को भी प्रेरित करें। इसी शिविर में वाइबीएन विश्वविद्यालय के डॉ अंजनी कुमार सिंह का भी चयन एनआइसी, झारखंड टीम के प्रतिनिधि के रूप में हुआ है।

## एसडीओ ने फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को शेल्टर हाउस पहुंचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के आदेश के बाद में मंगलवार देर रात अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), सदर उत्कर्ष कुमार ने रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया। जो नहीं गये उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की गयी ताकि ठंड से उनका बचाव किया जा सके। कुमार ने अपर बाजार स्थित और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से शेल्टर होम के बाथरूम की साफ-सफाई और रिपेयर कार्य कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री बेहद संजीदगी से लोगों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर दूर करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा है कि रांची जिले के सभी लोगों के साथ जिला प्रशासन हमेशा खड़ा है। आम जनमानस उनसे कभी भी समस्या लेकर मिल सकते हैं।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस समारोह 28 को

### 26 दिसंबर को शताब्दी समारोह का आयोजन

- प्रदेश अध्यक्ष ने जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का 100 वर्ष पूरा हो रहा है, इस ऐतिहासिक अवसर पर पार्टी द्वारा शताब्दी समारोह तथा 28 दिसंबर 2024 को कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस को भव्य रूप से बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। निर्देश दिया कि 26 दिसंबर को शताब्दी समारोह एवं 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों के साथ-साथ आमजनों की भागीदारी भी अपनी उपस्थिति में सुनिश्चित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि रांची जिला(ग्रामीण) के लिए जवाहर लाल महत्था, रांची महानगर-जलेश्वर महतो, लोहरदगा-लाल किशोर नाथ शाहदेव गुमला-अजय नाथ शाहदेव, सिमडेगा-दयामनी बारला, खूंटी-अमुल्य नीरज खलखो, हजारीबाग-शहजादा अनवर, गिरिडीह-सुरेंद्र सिंह, चतरा-भीम कुमार, रामगढ, डॉ राजेश गुप्ता, धनबाद-राजीव रंजन प्रसाद, बोकारो-अजय सिंह कोडरमा-अवधेश कुमार सिंह, पलामू-विनय सिन्हा दीपू, गढ़वा-चंद्र शेखर शुक्ला, लातेहार- डॉ एम तौसीफ, पूर्वी सिंहभूम-रवींद्र सिंह, प सिंहभूम-रामाश्रय प्रसाद, सरायकेला-खरसांवा-रवींद्र झा, दुमका-सुलतान अहमद, साहेबगंज-राजेश रंजन,गोड्डा-मणिशंकर, देवघर-जयशंकर पाठक, पाकुड़-शशिभूषण राय, जामताड़ा-मुन्नम संजय को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## डीजीपी ने किया एमओयू पर साइन

### पुलिस अधिकारियों, कर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किये। इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। गौरतलब है कि झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया संपूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जायेगी। इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा।

**वित्तीय सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान करेगा**

ये सभी विशेष बीमा सुविधाएं, बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा।

## गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 10 जनवरी तक रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गोपनीय दस्तावेज के लीक मामले में विधायक सरयू राय के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव की ओर से मई 2022 में डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी मामले में अब झारखंड हाइकोर्ट में 10 जनवरी 2025 को सुनवाई होगी। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले में सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया। रांची के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आपराधिक साजिश रचकर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से संचिका के गोपनीय पन्नों की चोरी करने के आरोप में विधायक सरयू राय के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। जिसे उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती देते हुए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले में आरोप पत्र भी दाखिल हो चुका है। आरोप पत्र में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव आसिफ एकराम सहित छह को गवाहों का नाम है। यहां बता दें कि मामले में जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी सह सब-इंस्पेक्टर नागेश श्रीवास्तव ने करीब ढ़ाई साल बाद अपराध को सही पाते हुए अदालत में भादवि की धारा 120बी एवं गोपनीय दस्तावेज लीक की धारा 30(2) के तहत आरोप पत्र दाखिल की थी। दरअसल, विधायक सरयू राय ने गोपनीय दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किये गये राशि के उपयोग की जानकारी दी थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके खिलाफ डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# कांग्रेस के शताब्दी समारोह को लेकर सात सदस्यीय समिति का गठन

**26 दिसंबर को शताब्दी समारोह और 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महात्मा गांधी की अध्यक्षता की शताब्दी पर झारखंड में समारोह आयोजित किया जायेगा। 26 दिसंबर 1924 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। इसी अवसर पर यह समारोह 26 दिसंबर को पूरे देश में आयोजित किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में वरिष्ठ कांग्रेस जनों की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें 26 दिसंबर को शताब्दी समारोह और 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के आयोजन के बारे में चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि महात्मा गांधी की अध्यक्षता की शताब्दी पर झारखंड में समारोह आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह 26 दिसंबर को पूरे देश में आयोजित किया जायेगा।




इस समारोह में महात्मा गांधी की जीवनी और उनके सिद्धांतों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही, उनके योगदान को याद करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में महात्मा गांधी की विचारधारा और उनके सिद्धांतों को प्रमोट करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि शताब्दी पर झारखंड में समारोह आयोजित करने के लिए एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अनादि ब्रह्म को संयोजक और सदस्यों में डॉ जय प्रकाश गुप्ता, प्रदीप तुलस्यान, आलोक दुबे, रमा खलखो, आभा सिन्हा, और सतीश पॉल मंजूनी को बनाया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजित बैठक में अभिलाष साहू, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, आलोक कुमार दुबे, राकेश सिन्हा, डॉ राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, जयशंकर पाठक, सोनाल शांति, राजन वर्मा, डॉ एम तौसीफ, विनय सिन्हा दीपू, केदार पासवान, भानू प्रताप बड़ाइक, अजहर पप्पू, खुर्शीद हसन रूमी, सुरेंद्र सिंह, कमल ठाकुर, सलीम खान, केके गिरी, एनूल हक, सत्यानारायण सिंह, कौशल किशोर, फिरोज रिज्वी मुन्ना, राजू राम, प्रभात कुमार, जोसाई मरांडी, सुनीत शर्मा, अंजनी रंजन, कंचन चौधरी आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# झारखंड में बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सदस्यता अभियान चलायेगा राजद

- **सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है, उसे हर हाल में पूरा करना है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय, रांची में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। इस दौरान संजय सिंह यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है, संगठन को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का रसीद जिला अध्यक्ष के माध्यम से सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लेंगे। उन्हीं के माध्यम से प्रदेश कार्यालय में डिपॉजिट भी करेंगे। आने वाले नगर पंचायत और नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से राष्ट्रीय जनता दल के नेता, कार्यकर्ता को करना चाहिए। एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और नेता




लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है, उसे हर हाल में पूरा करना है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष को एक लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए कि हमें कितना सदस्य झारखंड में बनाना है। संजय यादव ने सभी को निर्देश दिया कि सभी तन मन से लगकर सदस्यता अभियान में लग जायें और अधिक से अधिक सदस्य बनायें।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव और श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग और उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। बगैर कार्यकर्ता के कोई भी व्यक्ति चुनाव नहीं जीत सकता है। इसलिए तन मन से सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं को अपने अभियान में लग जाना चाहिए। गांव से लेकर शहर तक सदस्यता अभियान चलाना है। पूरे झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को मजबूत करना है। पार्टी है तो हम हैं, आप हैं। इसलिए पार्टी को मजबूत करने के लिए तन, मन, धन से सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत करने में लग जाना चाहिए। संगठन था तो हम लोग एक से चार विधायक हुए हैं और आप और संगठन मजबूत करेंगे तो 4 से 14 भी हो सकते हैं, 16 भी हो सकते हैं। इसलिए भेदभाव भुलाकर एकजुटता के साथ पूरे झारखंड में सदस्यता अभियान चलाना है। हम सभी चारों विधायक एक साथ झारखंड के सभी जिलों में कार्यक्रम करेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। बैठक में विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, सदस्यता अभियान के प्रभारी गिरिधारी गोप, अनीता यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, युवा अध्यक्ष रंजन यादव सहित सभी जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष और अन्य भी उपस्थित थे।

# क्रशर मालिक से मांगी 20 लाख की रंगदारी, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गयी है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाने में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं। कहा कि उनको मोबाइल पर कॉल कर धमकी देते हुए कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है। उसने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो। उसने कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपये का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा। इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था। जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था। इधर, बरियातू थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है।

## हाइटेंशन टावर काटने वाले पांच गिरफ्तार

**चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा में कुछ महीनो से स्क्रैप का धंधा उद्योग धंधा बन गया है। इसी को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि चंदवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हाई टेंशन टावर की कटिंग बड़े पैमाने पर की जा रही है, जिसमें लगभग एक सौ संख्या में आदमी कटिंग करने और गाड़ी से अन्य स्थानों पर ले जाने में शामिल रहते हैं। सूचना मिलने के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक ने तुरंत एक टीम का गठन किया और कटिंग कर रहे टावर के स्थान पर छापेमारी की गयी, जिसमें स्थल पर ही चार पिकअप वैन और पांच व्यक्ति को गिरफ्तार कर के साथ में लगभग एक टन लोहे की कटिंग का एंगल बरामद किया गया। बरामद पिकप वैन में लगभग डेढ़ टन हाई टेंशन टावर का एंगल लगा हुआ है JH01AN-1816 इसमें गैस कटर पाइपलाइन सहित 7 पीस ऑक्सीजन सिलेंडर 20 पीस एंगल पड़ा हुआ था, वहीं JH05CY-6476 और Jh01BE-0620 और साथ में एक टन एंगल चंदवा पुलिस में बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम और पता राहुल ठाकुर उम्र करीब 26 वर्ष पिता मनोज ठाकुर ग्राम गोली थाना चंदवा, समीर खान उम्र 19 वर्ष पिता ईजाबुल खान ग्राम कुजरी चंदवा, मंगलदेव उरांव उम्र 38 वर्ष पिता रति उरांव ग्राम चितरपुर थाना बालूमाथ, फूलदेव उरांव उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय मंगरा उरांव ग्राम चितरपुर थाना बालूमाथ संगू भुइयां उम्र 37 वर्ष पिता कुज्जू भुइयां ग्राम डेमटोली चंदवा सभी लातेहार जिला के ही स्थानीय निवासी हैं। छापेमारी दल में शामिल पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, सअनी अरविंद कुमार सिंह, अंजन कुमार राय सैट 44 चंदवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।**

# श्री रामचरितमानस और गीता ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिव्य ज्योति जागृती संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस और गीता ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ कांके चौक, शिव मंदिर प्रांगण, रिनपास में दीप जलाकर किया गया।

संस्थान के संस्थापक और संचालक आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी अमृता भारती ने कहा कि श्री रामचरितमानस की गाथा त्याग और समर्पण की गाथा है। श्री रामचरितमानस की हर घटना और हर पात्र एक संकेत करता है। इस मनुष्य जीवन में सीता आत्म स्वरूप है और श्री राम परमात्मा है, हर स्त्री-पुरुष का शरीर लंका है और सीता रूपी



जीवात्मा इस शरीर रूपी लंका में कैद है और वह सदा श्री राम रुपी परमात्मा से मिलना चाहती है लेकिन मन रूपी रावण मिलने नहीं देता।

साध्वी अमृता भारती ने कहा कि जिस प्रकार सीता रूपी जीवात्मा श्री राम रुपी परमात्मा से अलग होकर शोक ग्रस्त थीं ठीक इसी प्रकार एक जीवात्मा भी परमात्मा से विलग होकर दुख को प्राप्त करती है इसलिए आवश्यकता है हमारे जीवन में हनुमान जैसे संत की क्योंकि श्री रामचरितमानस कहता है कि संत मिलन सम सुख जग नहीं अर्थात संतों के मिलन जैसा सुख और शांति की प्राप्ति कहीं और नहीं है।

शिष्य स्वामी धनंजयानंद जी ने कहा कि भगवत गीता में जो कर्म योग का सिद्धांत भगवान श्री कृष्ण ने दिया वह हर मानव के लिए प्रेरणा का विषय है कि इस जीवन में ईश्वर से जुड़कर किया गया हर एक कर्म पूजा है। खाना, पीना सोना तो पशुवत कर्म है। संत मानव के अंदर मानवीय चेतना को जागृत करते हैं, जिससे श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख रूप से इंद्रजीत यादव, वीरेंद्र सिंह, ललन सिंह, सुभाष मुखोपाध्याय, सतीश गुप्ता, प्रमोद कुमार अरविंद उपस्थित थे।

# आपसी विवाद को लेकर हुई थी दीपक की हत्या, दो गिरफ्तार

**हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी हत्या की साजिश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र के रेलीगढ़ा दोतला निवासी दीपक सिंह की हत्या आपसी विवाद और पैसे की लेनदेन को लेकर हुई थी। हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी ने हत्या की साजिश रची थी, जिसे अंजाम देने वाले दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बुधवार को एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 5 दिसंबर के दोपहर में सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव दामोदर नदी किनारे साधु कुटिया के पीछे पड़ा हुआ है। शव की पहचान रेलीगढ़ा दो तला निवासी दीपक सिंह रूप में हुई थी,



**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम**

**संतोष कुमार उर्फ होरिल भुइयां, पिता स्व इंद्रदेव भुइयां, ग्राम करियातपुर, थाना बरही वर्तमान पता तुफान चौक गिद्दी, थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज करमाली, पिता मुन्ना करमाली, ग्राम वाशरी कॉलोनी, थाना गिद्दी, जिला- हजारीबाग शामिल हैं।**

जिसकी गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। इस मामले के उद्भेदन करने को लेकर एसडीपीओ बड़कागांव और इंस्पेक्टर बड़कागांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना को अंजाम देने वाले संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईया और यूरबी करमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईया और यूरबी करमाली उर्फ अभिराज ने पुलिस को बताया कि हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी के द्वारा इस पूरी हत्याकांड का साजिश रचा गया था। घटना को यूरबी करमाली के मदद से संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईया ने अंजाम दिया। हत्या के बदले में मिलन तुरी ने 25000 रूपया यूरबी करमाली को भेजा था, जिसमें से 17000 रूपया यूरबी करमाली ने संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां को दिया। संतोष के पास से मृतक दीपक सिंह का मोबाइल और हत्या के बदले मिले 17000 रूपया में से बचे 16300 रुपए और उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि हत्या का मुख्य कारण पैसे के लेन देन और मिलन तुरी से दीपक सिंह का आपसी विवाद सामने आया है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षा विभाग, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय 'भारतीय भाषा उत्सव' के अंतिम दिन 'भाषा-संस्कृति और हमः क्षेत्रीय उत्सव' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम में संसाधन सेवी के रूप में उपस्थित हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय कुमार ने भाषा और संस्कृति में संबंध पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने निज भाषा पर गर्व करने तथा अपनी भाषा-संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ फा. फ्लोरेंस पूर्ति ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम से परिचित कराया।




कार्यक्रम में मुख्य रुप से डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ नंदिता पांडेय, प्रो सुधा रानी खलखो, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, डॉ विक्रम बहादुर नाग, प्रो रूमा भट्टाचार्य, प्रो शिल्पा किंडो इत्यादि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रियांशु और नेहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के इंचार्ज प्रो जगबंधु महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुप्रिया, अनिकेत, गुलशन, आशीष, अमिषा, चेतना, जॉनसन, शफक, ईला, बुशरा,विद्या, विनय, सचिन, अक्षय इत्यादि विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोडरमा ताप विद्युत केंद्र फेज 2 का कार्य शुरू

# कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा: एस सुरेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र फेज 2 कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया। वहीं भूमि पूजन धीरेंद्र झा, उपेंद्र कुमार पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। मुख्य पुजारी कनीय अभियंता श्याम सुंदर मोरिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना प्रधान सह मुख्य अभियंता मनोज कुमार ठाकुर, संचालन मानवी झा और



सविता कुमारी संयुक्त रूप से किया। आये हुए अतिथियों का स्वागत परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर किया। मौके पर डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि आप सबों और डीवीसी प्रबंधन के प्रयास से यह कार्य सफल हुआ है। केटीपीएस का दूसरा फेज 2 गुना 800 मेगावाट 4 वर्षों में कार्य संपन्न किया जायेगा। केटीपीएस बहुत अच्छा से चल रहा है और आगे भी अच्छा से चलेगा। उन्होंने कहा कि कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा। मौके पर सहायक कमांडेंट सीआइएसएफ कुलदीप कुमार, असूचना सीआइएसफ कृष्णकांत, अरुमय मुखर्जी, एसके घोष, संजय कुमार सिन्हा, एके दत्ता, एसके अर्जरिया, अमित कुमार, प्रवीण चांद, कुलदीप राम, सुरेश यादव, मनोज सिंह, अमित सिंह, मुन्ना मोदी, उमेश यादव सहित सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद थे।

# गुमला में पिस्तौल और गोली के साथ चार युवक गिरफ्तार

**चारों लूटपाट की योजना बनाकर गुमला शराब लाने के लिए जा रहे थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने 10 दिसंबर की रात 8:30 बजे गुप्त सूचना पर एक सफेद रंग की कार से चार लड़कों को पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया।

गुप्त सूचना पर पुलिस अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज से थोड़ा आगे चेकिंग लगाया। इस दौरान बाइपास की तरफ से एक सफेद रंग की कार आयी जिसे पुलिस के द्वारा रोकने का इशारा किये जाने पर कार में सवार युवक पुलिस को देखकर



हड़बड़ाने लगे इसके बाद गाड़ी रोक कर उनका नाम पता पूछने पर पालकोट रोड सरनाटोली निवासी 20 भोला साहू पिता स्वर्गीय सुकुल साहू, शिरोमणि कुमार पिता रामलाल साहू, सचिन कुमार पिता रामलाल साहू दोनों शांति नगर निवासी साथ ही ग्राम भभरी निवासी 22 वर्षीय रिशु वैभव पिता ब्रजनंद प्रसाद बताया।

वहीं पुलिस ने चारों की तलाशी ली जिसमें भोला साहू के कमर से बायें तरफ खोंसा हुआ एक देशी रिवाल्वर जिसमें दो जिंदा गोली लोड पायी गयी। शिरोमणि कुमार के दाहिने पॉकेट से दो जिंदा गोली, रिशु वैभव के दाहिने पॉकेट से एक जिंदा गोली पायी गयी। वहीं बरामद हथियार और गोली के संबंध में इन लोगों द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में इन लोगों ने आगे बताया हम लोग लूटपाट की योजना बनाकर सचिन कुमार के कार में सवार होकर गुमला शराब लाने के लिए जा रहे थे।

छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह, राजेंद्र मंडल, राजेश्वर लोहरा और सुनेश्वर सिंह शामिल थे।

# संसद में हंगामा नहीं, बहस हो

संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के 12वें दिन मंगलवार को भी दोनों सदन हंगामों के बीच पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिये गये। सोमवार को भी ऐसा ही हुआ था। पिछले सप्ताह भी संसद में कमोबेश ऐसा ही दृश्य रहा।

**संसद चलाने पर सहमति :** यह स्थिति तब है, जब पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष दोनों में सहमति बनी थी कि सदन में कामकाज को बाधित नहीं होने दिया जाये। यह महसूस किया गया कि सदन ठप होने से कई जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो पाती।

**कांग्रेस का रुख :** देखा जाये तो यह सकारात्मक पहल थी, जिसके बाद उम्मीद बंधी कि संसद का यह सत्र शायद स्वस्थ बहस का गवाह बने। खास बात यह रही कि इस दबाव के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व की रणनीति में भी बदलाव दिखा। अडाणी ग्रुप से जुड़े आरोपों पर जोर देने के लिए सदन में हंगामा करने की बजाय कांग्रेस के लोग सदन के अंदर और बाहर अन्य उपायों से इस मसले की ओर ध्यान खींचने लगे। काले रंग के पोस्टरयुक्त जैकेट पहनने से लेकर मुखौटे लगाने तक अलग-अलग तरीके आजमाये गये।

**हंगामा जारी रहा :** अफसोस की बात यह है कि इन सबसे संसद के अंदर माहौल में कोई खास बदलाव नहीं आया। विपक्ष के आरोप तो अपनी जगह बने ही रहे, सत्ता पक्ष इसके जवाब में कांग्रेस नेतृत्व की कथित भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस के संगठन से मिलीभगत के आरोपों को उसी आक्रामकता से उठाता दिखा। नतीजा यह कि संसद में कामकाज सामान्य रूप से चलने की जो संभावना बन रही थी, वह धूमिल हो गयी।

**संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति के बावजूद दोनों सदन बार-बार स्थगित किये गये। अडाणी मामले पर कांग्रेस के विरोध और सत्ता पक्ष के पलटवार से गतिरोध बना रहा।**

**सरकार, विपक्ष में तालमेल:** लेकिन एक वक्त ऐसा भी था, जब हालात अलग थे। 2003 में जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने एक कूटनीतिक मामले में विपक्ष की मदद ली थी। वाजपेयी ने वामपंथी नेताओं को चाय पर बुलाया और उन्हें इराक में भारतीय फौज भेजने का विरोध के लिए मनाया। अमेरिका इसके लिए सरकार पर दबाव डाल रहा था। वाजपेयी इराक में भारतीय फौज नहीं भेजना चाहते थे, लेकिन साथ ही यह संदेश भी देना चाहते थे कि चूंकि देश में इस कदम का भारी विरोध हो रहा है, इसलिए वह मांग नहीं मान सकते।

**जिम्मेदारी किसकी :** आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसे संबंध की कल्पना नहीं की जा सकती। असल में, लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद के अंदर कामकाज सुचारू ढंग से चलता रहे, यह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है, लेकिन सत्ता पक्ष पर इसका ज्यादा दायित्व होता है। ऐसे में बयानों और आरोपों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष का एक सा रवैया कोई अच्छी बात नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसंबर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100- दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे।**

# टीबी उन्मूलन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

**जगत प्रकाश नड्डा**



**माननीय** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गयी गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गयी है।

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसंबर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100- दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की

**वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है।**




सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

**टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण**

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजनाः नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाइ) की अवधारणा बनायी और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाइ के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ रुपये वितरित किये हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवंबर 2024 से मौजूदा 500 रुपये से दोगुना करके 1,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है, ताकि जागरूकता बढ़ायी जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।

**टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना**

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नयी दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम- उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है, जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है, जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरणः मौलीक्यूलर परीक्षण किये। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।

हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किये जाने वाले अधिक कुशल चिकित्सा परीक्षणों सहित नये उपकरण तेजी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

**भविष्य के बारे में सोचना**

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरुआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये। तीव्र 100- दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

**(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### प्रधानमंत्री ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में युवाओं में भरा जोश

# युवा का विजन ही सरकार का मिशन: मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रांड फिनाले में भाग लिया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हैकॉथान में शामिल हुए युवाओं को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि मैंने हमेशा लालकिले से एक बात कही है कि सबका प्रयास। आज का भारत सभी के प्रयास से ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का मुझे बहुत इंतजार था। जब भी आप जैसे युवा इनोवेटर्स के बीच आने का मौका मिलता है, तो मुझे भी बहुत कुछ जानने, सीखने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा का विजन ही सरकार का मिशन है। इसलिए मेरे नौजवानों को जो भी चाहिए, सरकार के रूप में हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। मैंने लाल किले से कहा है कि देश की राजनीति में एक लाख ऐसे युवाओं को लाऊंगा, जिनके परिवार से पहले कोई भी राजनीति में न रहा हो। पीएम ने कहा कि युवा इनोवेटर्स के पास 21वीं सदी के भारत को लेकर एक अनूठा नजरिया है, जो नवाचार समाधानों की ओर ले जाता है। जब आपके सामने नयी चुनौतियां आती हैं, तो आप असाधारण जवाब देते हैं। यही सबसे बड़ी और अनोखी बात है। मैंने पहले भी हैकाथॉन में भाग लिया है और आपने मुझे कभी निराश नहीं किया। आपने मेरा मनोबल बढ़ाया है। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किये जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, लगातार नये-नये समाधानों की आवश्यकता है। आपकी टीम के संबंधित समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है। ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इसलिए जिन समाधानों पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किये जा रहे हैं। लेकिन देश के दुश्मन भारत में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। खुशी की बात है कि आप सभी ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।



## महाराष्ट्र के परभणी में भड़की हिंसा, कर्फ्यू लागू

**छत्रपति संभाजीनगर (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के परभणी शहर में संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाये जाने के बाद हिंसक प्रदर्शन हुआ। इस हिंसा को रोकने के लिए पुलिस ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हिंसा के बाद शहर में सार्वजनिक स्थलों पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगा दी गयी है। इसके अलावा कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य के रिजर्व पुलिस बल की एक कंपनी को तैनात किया गया है। परभणी रेलवे स्टेशन के पास बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास कांच में संविधान की प्रतिकृति रखी हुई थी। मंगलवार को यह प्रतिकृति खंडित पायी गयी। जैसे ही यह खबर सामने आयी, अंबेडकर के समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर जिला कलेक्टर के कार्यालय पर हमला किया और वहां की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस की सफाई

# जगदीप धनखड़ सरकार के सबसे बड़े प्रवक्ता हैं: खड़गे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधते हुए उन्हें सरकार का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताया। धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बारे में बोलते हुए खड़गे ने कहा, राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण खुद सभापति हैं। उन्होंने कहा कि 1952 से उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया, क्योंकि इस पद पर बैठे व्यक्ति निष्पक्ष और राजनीति से परे थे और हमेशा सदन को नियमों के अनुसार चलाया। लेकिन आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति एक हेडमास्टर की तरह शिक्षा देते हैं।



खड़गे ने कहा, विपक्ष की ओर से जब भी नियमों के अनुसार महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये जाते हैं, तो सभापति योजनाबद्ध तरीके से चर्चा की अनुमति नहीं देते हैं। बार-बार विपक्षी नेताओं को बोलने से रोका जाता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ की निष्ठा संविधान और संवैधानिक परंपरा के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के प्रति है। वह अपनी अगली पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि राज्यसभा में सबसे बड़ा व्यवधान पैदा करने वाला व्यक्ति खुद सभापति हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचायी है और स्थिति के कारण ही विपक्षी दलों को अविश्वास प्रस्ताव के लिए यह नोटिस लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। खड़गे ने कहा, हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र, संविधान की रक्षा के लिए और बहुत सोच-समझ कर यह कदम उठाया है।

## दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों पर शुरू हुआ पुलिसिया एक्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना का निर्देश सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस ने बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत कर दी। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज इलाके में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश की। पुलिस ने अभियान के दौरान दस्तावेजों की छानबीन की। सूत्रों की मानें तो पुलिस को कई संदिग्ध भी मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि जिन संदिग्धों की पहचान हुई है, उनकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द एफआरआरओ (फारेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस) को साझा की जायेगी। बता दें कि उपराज्यपाल ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से खदेड़ने के निर्देश दिये थे। इसके तहत दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस की कई टीमों ने कालिंदी कुंज स्थित 100 फुटा रोड पर सत्यापन अभियान चलाया।

## महाकुंभ के लिए 13 हजार नयी ट्रेनें चलेंगी: अश्विनी वैष्णव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में बड़ा ऐलान किया है, जो करोड़ों भारतीयों के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। उन्होंने संसद में बताया है कि रेलवे का पूरा फोकस गरीब और मिडिल क्लास परिवार पर है। करीब 12 हजार जनरल कोच बनाये जा रहे हैं। इस वित्त वर्ष में नौ सौ जनरल कोच एक्स्ट्रा जोड़े जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि छठ और दिवाली के फेस्टिवल सीजन में विशेष रूप से 7900 स्पेशल ट्रेन चलायी गयी एवं 1.80 करोड़ यात्रियों ने बिना किसी दिक्कत के इन ट्रेनों से यात्रा की। रेल मंत्री ने बताया कि महाकुंभ आ रहा है। इसके लिए 13 हजार ट्रेनों की व्यवस्था की गयी है। गरीबों के लिए, मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बहुत गंभीरता से रेलवे का प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काम चल रहा है । उन्होंने कहा, एक नयी ट्रेन डेवलप की गयी अमृत भारत ट्रेन, इसमें वही टेक्नोलॉजी है, जो कि वंदे भारत ट्रेन में है। दोनों ट्रेन करीब-करीब 10 महीने चल चुकी हैं। उसी अनुभव के आधार पर 50 और ट्रेनों का प्रोडक्शन प्लान ले लिया गया है।



## सिंधिया पर टीएमसी सांसद की विवादित टिप्पणी के बाद लोकसभा में भारी हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर विवादित टिप्पणी की। इसे लेकर भाजपा सांसदों ने सदन में हंगामा किया। इसके चलते सदन की कार्रवाई दो बार कुछ देर के लिए स्थगित की गयी, मगर भाजपा सांसदों के हंगामे के बाद कार्यवाही को अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टीएमसी सांसद की टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने के निर्देश दिये हैं। लोकसभा में बुधवार को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा चल रही थी। इस चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीमएसी) सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार पर कोरोना महामारी के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की मदद न करने का आरोप लगाया। उनकी बात का केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विरोध किया। इसे लेकर दोनों में तीखी नोंक-झोक होने लगी। बनर्जी ने सिंधिया के खिलाफ विवादित टिप्पणी की। इसके बाद भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया, तो सदन की कार्यवाही को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया। जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सांसद की माफी स्वीकार नहीं करेंगे। सिंधिया ने कहा कि हम इस सदन में शुद्ध हृदय से देश के विकास की भावना के साथ आते हैं। हम यहां आत्म-सम्मान की भावना से भी आते हैं और यदि कोई भी आत्म-सम्मान पर निजी हमले करेगा, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों ने एसडीएम के साथ साझा की अपनी शिकायतें और सुझाव

**शिक्षा विभाग और नागरिक सुविधाओं को लेकर वरिष्ठ जनों ने रखी अपनी शिकायतें**

**अतिक्रमण, यातायात, स्वास्थ्य, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि को लेकर सुझाव भी दिये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' की पहली कड़ी के रूप में सदर अनुमंडल कार्यालय में क्षेत्र के सेवानिवृत शिक्षकों को कॉफी पर आमंत्रित किया गया था। एसडीओ संजय कुमार की इस अपील पर लगभग 20 रिटायर्ड शिक्षक अनुमंडल कार्यालय पहुंचे हुए थे। इसमें ज्यादातर ऐसे शिक्षक शामिल हैं जो अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग प्रखंडों और ग्रामों से संबंध रखते हैं किंतु वर्तमान में गढ़वा शहर या उसके आसपास के इलाकों में निवास कर रहे हैं। बैठक में पहुंचे वरिष्ठ जनों ने इस प्रशासनिक पहल की तारीफ करते हुए कहा कि इससे प्रशासन-नागरिक संवाद बेहतर होगा।

**बारी-बारी से रखी गयीं बातें :** कुछ शिक्षकों ने शिक्षा विभाग से जुड़े अपने व्यक्तिगत मामलों को एसडीओ के समक्ष रखा वहीं ज्यादातर शिक्षकों ने अनुमंडल क्षेत्र के सार्वजनिक यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, साफ सफाई जैसे विषयों को लेकर अपने-अपने सुझाव दिये। श्री बलराम तिवारी तथा श्री पारस तिवारी ने नाली निर्माण तथा साफ सफाई से जुड़े अपने एक निजी मामले को भी रखा। श्री बनारसी मिश्रा ने सुझाव दिया कि प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों का भ्रमण कर वहां पेयजल और शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करवाने की दिशा में कारगर प्रयास करना चाहिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि वे हर संभव प्रयास करेंगे कि आज यहां रखी गयी शिकायतों और सुझावों का संतोषजनक निष्पादन हो सके।

### एसडीओ ने भी आमंत्रित वरिष्ठ जनों से की अपील

एसडीओ संजय कुमार ने आमंत्रण पर आने तथा बेबाक तरीके से शिकायत व सुझाव रखने के लिए सभी वरिष्ठ जनों को धन्यवाद किया, साथ ही अनुरोध किया कि वे इस आयु में भी समाज के लिए बौद्धिक योगदान देना जारी रखें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले निरक्षर फरियादियों के आवेदन लिखने में स्वैच्छिक मदद कर सकते हैं। सभी रिटायर्ड शिक्षक अपने निकटवर्ती विद्यालय की बेहतरी के लिए मार्गदर्शन हेतु गोद लेने का कार्य कर सकते हैं। शहर के सौहार्द्र और समरसता में योगदान देने हेतु सेवानिवृत शिक्षकों को थाना स्तर पर गठित शांति-समितियों की सदस्यता ग्रहण करना चाहिए। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षकों में अशोक कुमार दुबे, छोटेलाल तिवारी, वशिष्ठ तिवारी, मोहम्मद गब्बास खान, नंदकुमार चौबे, अजय प्रकाश द्विवेदी, रामेश्वर उपाध्याय, पारसनाथ तिवारी, रामवरण पांडेय, कमलेश्वर पांडेय, बलराम तिवारी, बनारसी प्रसाद मिश्रा, कृष्णानंद पाठक, रेयाज अहमद, प्रभात कुमार, राजनंदन राम, विनोद राम आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य उप केंद्र के अधिकारी को जनता की बात गुजरी नागवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एक स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित अधिकारी को ड्यूटी करने की जनता की गुजारिश बहुत नागवार गुजरी। इस कारण उन्होंने जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन से अपना स्थानांतरण अन्यत्र कर दिये जाने की गुहार लगायी है। यह मामला कांडी प्रखंड क्षेत्र के अधौरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह प्रसव केंद्र से जुड़ा हुआ है। मालूम हो कि 36 वर्षों पूर्व वर्ष 1988 में स्थापित इस स्वास्थ्य उपकेंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी - सीएचओ अनुराधा लोध का डेढ़ साल पहले पदस्थापन हुआ था। इसकी जानकारी ग्रामवासियों को संयोग वश उनके पदस्थापन के कई महीना के बाद कार्यालय सूत्रों से प्राप्त हुई थी। क्योंकि उनका एक दिन भी स्वास्थ्य केंद्र में आगमन नहीं हुआ था। बाद की अवधि में भी उपकेंद्र में ना जाकर एक दो बार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में और लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान ही मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए उनके दर्शन हुए थे। हाल फिलहाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र अधौरा में लगातार ताला लटके रहने की घटना सुर्खियां बनी। इसके बाद विभाग ने केंद्र का ताला खोलने को लेकर पदस्थापित कर्मियों पर दबाव बनाया। जिसका नतीजा है कि करीब दो हफ्तों से ओपीडी अवधि में कुछ घंटे के लिए इस उप केंद्र का ताला खुलना शुरू हुआ। जो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को काफी नागवार गुजरा। सरकारी संस्थानों में पदस्थापित पदाधिकारी व कर्मचारी अपने घर में बैठकर वेतन लेते रहें। लेकिन उनसे ड्यूटी करने की बात कोई नहीं कहे। अगर ऐसा कहा जायेगा, तो वह अपना ट्रांसफर करा कर वहां चले जायेंगे, जहां उन्हें ड्यूटी नहीं करनी पड़े, लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से भुगतान होता रहे। इस विषय में शिवपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, नजमा बीवी, इसराइल अंसारी, नंदकुमार राम, सुरेंद्र यादव सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि यह सरकारी संस्थान केवल ताला बंद रखने के लिए नहीं खुला है। अगर यही रवैया रहा तो वे लोग शीघ्र ही इसकी लिखित फरियाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा की ओर से बढ़ते ठंड के मद्देनजर मेराल के विभिन्न गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य अनुरागानंद अवधूत ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है‡ को केंद्र मानकर आनंद मार्ग द्वारा विभिन्न प्रकार का सेवा कार्य चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज गांव में घूम कर वैसे जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया जो वास्तव में असहाय, दिव्यांग तथा वृद्ध जन शामिल थे। धर्मेंद्र देव ने कहा कि संस्था द्वारा सीमित लोगों तक ही सेवा प्रदान किया जा रहा है जबकि अनेकों लोग जरूरतमंद है। उन्होंने अन्य लोगों के साथ-साथ सरकार से ससमय जरूरतमंदों के बीच कंबल, स्वेटर आदि गर्म वस्त्र वितरण करने का आग्रह किया। मौके पर शुभम देव आदि थे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** शादी का झांसा देकर कई महीनो तक शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। प्राप्त सूचना के अनुसार हरिहरपुर ओपी में थाना कांड संख्या- 205/24 दिनांक 10.12.2024, धारा 64 इठर के प्राथमिकी अभियुक्त विकास पासवान पिता करमू पासवान ग्राम लमारी कला थाना कांडी को आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सूचना के अनुसार भवनाथपुर थाना के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत पढ़ने वाले गांव में आरोपी का ननिहाल था, ननिहाल में ही पीड़िता से आरोपी का जान पहचान हुआ। इस दौरान दोनों का जान पहचान दोस्ती में बदल गयी। इधर आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर आठ माह तक कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। उसके बाद विवाह करने से मना करने लगा, इसी दौरान विकास की शादी किसी अन्य जगहों पर होना तय हो गया। इस दौरान पीड़िता ने हरिहरपुर ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी।

## मोटरसाइकिल पुलिया से टकरायी, दो घायल



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत मझिआंव - सुंडीपुर मुख्य सड़क पर भंडरिया गांव के समीप नहर मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में जा टकराया। यह मामला मंगलवार की देर रात्रि की है। वहीं मोटरसाइकिल जेएच03 एएच-0832 पर सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान सोहन कुमार मेहता और मनीष कुमार मेहता पिता उदय मेहता कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरा, बरवाडीह के रूप में की गयी। इस दुर्घटना में मनीष मेहता गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं ग्रामीणों के द्वारा 108 एम्बुलेंस बुला कर दोनों भाई को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। इधर मिली जानकारी के अनुसार उपस्थिति डॉ वीर प्रताप सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार को बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अवैध बालू उत्खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : थाना प्रभारी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना प्रभारी आशीष कुमार जायसवाल द्वारा मदगडी गांव में दुर्गा पूजा के मूर्ति विसर्जन को लेकर उत्पन्न विवाद अनुसंधान नहीं करने के कारण गढ़वा पुलिस अधीक्षक के द्वारा उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया था। इसके बाद नये थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने भंडरिया थाना में अपना पदभार संभाला। नये थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि भंडारिया में मेरी पोस्टिंग मुख्य रूप से मदगडी की घटना को लेकर किया गया है। उक्त घटना से प्रभावित लोगों में जो भी असंतुष्ट व्याप्त है, उसे मैं धीरे-धीरे पाटने का कार्य करूंगा। इसलिए यहां के लोगों से सहयोग करने का अपेक्षा रखेंगे, जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत ना हो। वहीं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई भी की गयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन पर कड़े शब्दों में कहा कि अवैध बालू उत्खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो भी अवैध धुलाई कर रहा है उस व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## विद्यालय प्रबंधन समिति और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति का पुनर्गठन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआनी में विद्यालय प्रबंधन समिति और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशा देवी एवं उपाध्यक्ष अयोध्या सिंह को बनाया गया। जबकि सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के संयोजिका के रूप में बसंती देवी और उपसंयोजिका सुशीला देवी का चयन किया गया। यह चयन प्रक्रिया पर्यवेक्षक सीआरपी देवेन्द्र नाथ उपाध्याय एवं प्रभुदयाल प्रजापति की उपस्थिति में की गयी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक देवार सर , शिक्षक गण सहित काफी संख्या में बच्चों के माता-पिता, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# झामुमो सरकार सीजीएल परीक्षा में धांधली को लेकर मौन है : भाजयुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा है कि झामुमो सरकार छात्रों के भविष्य को सत्ता के हनक में रौंद रही है। सीजीएल जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधली को लेकर गढ़वा सहित पूरे झारखंड के छात्र सड़क पर उतरे हुए हैं। लेकिन झामुमो सरकार सीजीएल परीक्षा में धांधली को लेकर मौन है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार का पोल खुल रहा है झारखंड के छात्र युवा सड़क पर हैं और झारखंड सरकार मौन हैं। इससे साफ पता चलता है कि झामुमो सरकार की मंशा झारखंड के युवाओं के भविष्य के प्रति साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि आखिर झामुमो सरकार झारखंड के युवाओं के भविष्य को लेकर मौन क्यों है। इससे साफ जाहिर होता है कि झामुमो सरकार को युवाओं की भविष्य की कोई चिंता नहीं है। झारखंड का यह दुर्भाग्य है कि छात्र युवा सड़क पर अपने हक अधिकार के लिए डंडे खा रहे हैं। झारखंड सरकार चैन की बंशी बजा रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार बनाकर झारखंड के छात्र युवा भारी अफसोस कर रहे हैं। चुनाव के पुर्व झामुमो सरकार ने युवाओं को तरह तरह का प्रलोभन दिखाया। लेकिन जब सत्ता हाथ में आयी तो झारखंड में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ शुरू हो गया। छात्रों का आंदोलन और झामुमो सरकार का मौन से स्पष्ट हो रहा है कि बड़े पैमाने पर सीजीएल परीक्षा में धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार सीजीएल परीक्षा से लेकर रिजल्ट घोषित होने तक का सभी तरह का जांच सीबीआई से करायें। अन्यथा अगर जल्द ही झामुमो सरकार छात्रों के साथ न्याय नहीं करती है, तो भाजपा कार्यकर्ता युवाओं के हक अधिकार के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल, विकास तिवारी, संजय जायसवाल, लक्ष्मीकांत, अशोक सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीडीएसयू में दो दिवसीय 'भारतीय भाषा दिवस' कार्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्षा में दो दिवसीय 'भारतीय भाषा दिवस 'कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया और कहा कि किसी मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से ही होती है। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक जनार्दन शुक्ला ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के विभिन्न प्रशिक्षुओं ने अपने - अपने चार्ट और मॉडल के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के भाषा एवं भाषायी विभिन्नता इत्यादि को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रशिक्षुओ में अमृता, अंजलि, मिथिलेश, शुभम, शाहिद, नेहा, सुप्रिया, श्वेता, संदीप इत्यादि ने अपना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन जनार्दन शुक्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# आरकेवीएस में महाकवि भारती की मनायी गयी जयंती

**भारतीय भाषा उत्सव का भी हुआ समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय भाषाओं को सीखने के प्रति उत्साह जगाने और प्रोत्साहित करने के लिए 4 दिसंबर से शुरू किया गया भारतीय भाषा उत्सव का समापन 11 दिसंबर को आरकेवीएस बीएड कॉलेज में महान राष्ट्रवादी कवि, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक 'महाकवि भारती' सुब्रमण्यम भारती की जयंती को मनाकर किया गया। महाविद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि एकता की भावना पैदा करने तथा हमें भारत की सुंदर सांस्कृतिक विरासत और विविधता से परिचित कराने के लिए भारतीय भाषा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को देखते हुए और भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय एकता के लिए एक महान साधन के रूप में देखते हुए, देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय के छात्रों को भारतीय भाषाओं के महत्व को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। हमारी भारतीय भाषाएं सदियों से एक-दूसरे के साथ सह-अस्तित्व में रही हैं, एक-दूसरे की पूरक रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषाएं समाज के मन और बुद्धि को आकार देती हैं और लोगों को एक साथ लाती हैं। आज शिक्षा में तकनीकी आ जाने से शिक्षा जगत में एक महान परिवर्तन हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि छात्र - छात्राओं के बीच पोस्टर, वाद-विवाद, भाषण, चित्रांकन और काव्य पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक सतीश तिवारी, राजन चौबे, रंजना दुबे, आनंद मिश्रा, प्रवीण, रितेश और रोहित कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

# जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक अधिवेशन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया करमटोली रांची के सभागार में फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फेडरेशन 8 के सभी ग्रुप के अध्यक्ष पदाधिकारी और सदस्य भाग लिए तथा ग्रुप द्वारा पूरे साल किये गये सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया, साथ ही नये वर्ष में पीड़ित मानवता की सेवा में पूरे दम खम से सेवा करने संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष सर्वश्री एसपी चतुर्वेदी, सेंट्रल कमेटी के सदस्य विनोद कपूर एवं अजय कांत पाठक तथा स्पेशल कमेटी के सदस्य डॉ हरे श्याम, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष के एस शोखी, एससी जैन, संतोष जैन, विनोद कमलापुरी, आरके चौधरी और एमपी केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अधिवेशन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा को परमानेंट प्रोजेक्ट हर महीना के तीसरे रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल मे होने वाले हृदय जाँच शिविर के लिये एवं जायन्ट्स सेवा सप्ताह पूरे सप्ताह सेवा कार्य के लिए बेस्ट प्रोजेक्ट का अवार्ड मिला, गढ़वा ग्रुप और ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता को प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड एवं मोमेंटो सहित कुल चार अवार्ड प्राप्त हुए। विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहित सभी ग्रुप के द्वारा किये गये सेवा कार्यो की सराहना की। फेडरेशन एनुअल कॉन्फ्रेंस में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा से ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी और एमपी केशरी तथा फेडरेशन पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता सहित पांच सदस्यों ने भाग लिया।

# रंका एसडीओ पहुंचे रमकंडा, पंचायत भवन में घंटों बैठकर की अभिलेखों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमकंडा।** रमकंडा प्रखंड में संचालित मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में मापी पुस्तिका के आधार पर ही भुगतान हुआ है। वहीं भुगतान से पहले अब कनीय अभियंता व सहायक अभियंता के पास मापी पुस्तिका पहुंचने लगा है। वहीं कई योजनाओं की मापी पुस्तिका संधारण के लिए कनीय अभियंता के पास उपलब्ध है। इसकी पुष्टि बुधवार को रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप की ओर से किये जांच में हुआ है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के कनीय अभियंता अरविंद कुमार व सहायक अभियंता संजय कुमार दास की ओर से पिछले दिनों मनरेगा योजनाओं में बगैर मापी पुस्तिका के भुगतान होने की शिकायत बीडीओ से की गयी थी। वहीं इसके आलोक में बीडीओ संजय कोनगड़ी ने सभी मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के बगैर मापी पुस्तिका के भुगतान नहीं करने का निर्देश दिया था। मामला सामने आने के बाद गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए रंका एसडीओ श्री प्रताप को जांच का आदेश दिया। इसके बाद एसडीओ बुधवार को रमकंडा में इस मामले की जांच करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हरहे पंचायत के कसमार गांव में संचालित डोभा, हरहे में पशु शेड व अन्य योजनाओं की स्थलीय जांच की। जहां तकनीकी रूप से थोड़ी कमी देखकर जेई व एइ को कड़ी फटकार लगायी। इसके साथ ही उन्होंने हरहे पंचायत भवन में घंटों बैठकर मनरेगा योजनाओं की अभिलेखीय जांच की। जांच के बाद उन्होंने बताया कि कुछ अभिलेख में संधारित मापी पुस्तिका मिला है। वहीं इसी के आधार पर भुगतान पाया गया। इसके अलावे कुछ योजनाओं का मापी पुस्तिका जेई की ओर से संधारित की जा रही है। कहा कि मापी पुस्तिका का ऑनलाइन संधारण का काम भी पूरा कर दिया गया है। योजनाओं की स्थलीय जांच से पूर्व रमकंडा प्रखंड कार्यालय पहुंचे एसडीओ श्री प्रताप ने बीडीओ, सीओ व प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अबुआ आवास, पीएम जनवन योजना, पंचायती राज, मनरेगा, राशन, पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, म्यूटेशन समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की। वहीं अधिकारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी लाने का निर्देश दिया है। एसडीओ ने बताया कि कुछ कार्यों की गति धीमी है। जिसमें तेजी लाने का निर्देश बीडीओ, सीओ को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ संजय कोनगड़ी, अंचल अधिकारी अनिल रविदास, बीपीओ सुनील कुमार, पंचायत सचिव रवि टोपनो, मुखिया श्रवण प्रसाद, कनीय अभियंता अरविंद कुमार, सहायक अभियंता संजय दास, रोजगार सेवक उदय राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया की असामयिक मौत पर पंचायत सचिवालय में शोक सभा का आयोजन




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रंकाकला पंचायत के मुखिया और राजेश कुमार मद्धेशिया की धर्मपत्नी सविता देवी के असामयिक मौत हो जाने पर पंचायत सचिवालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मीयता भाव व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस मौके पर पंचायत सचिव सोनी कुमारी, रोजगार सेवक अर्पण बाखला, उपमुखिया प्रतिनिधि रणजीत सोनी, वार्ड संघ अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, पंचायत सहायक अमरेन्द्र कुमार, वार्ड सदस्य शोभा देवी, लक्ष्मी देवी, सीमा देवी, कंचन कुमारी, महमूद खलिफा, संतलाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आवासीय विद्यालय का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं विद्यालय परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को सोल ओढाकर व वार्षिक कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्राओं के द्वारा नेपाली, पंजाबी, उडिया, संभलपुरीया, दक्षिण भारत, हरियाणा, राजस्थानी गीत नृत्य के साथ-साथ अन्य एक से बढ़कर एक गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं मैट्रिक इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले व विद्यालय के विभिन्न कार्यों मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार, सतनारायण यादव, रामकंडा वार्डन मेरी किरण कच्छप, रंका वार्डन अनिमा बेग, डडंई वार्डन तनुजा कुमारी, आरती कुमारी, अपर्णा कुमारी, कंचन कुमारी, रितेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भाजपा के वयोवृद्ध नेता मुनीनाथ मिश्रा का निधन

## कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा आदि ने जताया शोक



**खूंटी/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** जनसंघ काल के वयोवृद्ध भाजपा नेता और पद्मभूषण कड़िया मुंडा के निकटतम सहयोगी मुनीनाथ मिश्रा (82) का मंगलवार की देर रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। देर रात करीब एक बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मुनीनाथ मिश्रा बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भी थे। वे लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया कड़िया मुंडा के राजनीतिज्ञ सलाहकार के रूप में भी जाने जाते थे। कुछ महीनों पहले उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पातल में भर्ती कराया गया था। जहां से कुछ दिनों के बाद वे खूंटी आ गये थे, लेकिन घर से बाहर नहीं निलते थे। उधर, मुनीनाथ मिश्रा के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, डॉ निर्मल सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, अनूप साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष ओपी कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जगन्नाथ मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, आनंद कुमार, संतोष जयसवाल, निखिल कंडुलना, नारायण साहू, पीटर मुंडू और विलसन टोपनो आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को तजना मुक्तिधाम में किया गया। शव यात्रा में पद्मभषण कड़िया मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भीम सिंह मुंडा, प्रमुख छोट राय मुंडा, झामुमो के हलन टोपनो, मार्शल बारला, दुबराज सिंह मुंडा, नरेश तिर्की, रमेश मांझी, डॉ निर्मल सिंह अड़की जिप सदस्य अनूप साहू और रविकांत मिश्रा आदि शामिल हुए। दूसरी ओर, लक्ष्मण सिंह मुंडा, अनुप साहु, महेंद्र नाथ शाहदेव, गोलक दास अधिकारी, समरेंद्र मुखर्जी, विवेक आनंद जायसवाल, रंजित लाहेरी, कपिल महतो, गणेश कुम्हार संतोष साहु, दिलीप सेठ, पूर्ण चंद शर्मा, विमल पातर, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु, दिनेश साहु, संजय मुण्डा, परता मुण्डा, बुंदीराम मुण्डा, रीता मुंडा आदि ने भी दुख व्यक्त किया है।

### खूंटी ने बेहतरीन समाजसेवी खो दिया : सांसद

दिल्ली से भेजे गये अपने शोक संदेश में खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मुनीनाथ मिश्रा के निधन से खूंटी ने एक बेहतरीन सामाजिक कार्यकर्ता खो दिया। सांसद ने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग हैए लेकिन मुनीनाथ मिश्रा सभी राजनीतिक दलों के साथ अच्छे संबंध रखते थे। भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति वहीं, पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि मुनीनाथ मिश्रा सही मायने में अजातशत्रु थे। राजनीतिक मतभेदों के बाद भी सभी उन्हें सम्मान देते थे। वे सभी के बीच लोकप्रिय थे। उनकी नेतृत्व क्षमता को उनके विरोधी भी मानते थे। उनका निधन खूंटी के लिए अपूरणीय क्षति है।

# अफीम की खेती के रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को चौका थाना पुलिस की ओर से रेयाडदा और बारसिडा में अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो की ओर से स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम की खेती के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। वहीं, लोगों ने भी पुलिस के सामने अफीम की खेती नहीं करना का संकल्प लिया।

# लापता युवक का शव कुआं से बरामद, हत्या की आशंका

## फुटबॉल मैच देखने घर से निकला और वापस ही नहीं लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के सोड़ो टोला दयालटांड़ गांव स्थित एक कुआं से बुधवार को 32 वर्षीय एक युवक का शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान सुबोध गोप उर्फ घासीया के रूप में हुई है। वह दीरीडारी का रहने वाला था। उधर, शव पाये जाने की सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गयी और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो मृतक की पत्नी, 12 साल की एक बेटी और नौ साल का एक बेटा भी है। जानकारी के मुताबिक गत रविवार को वह घर से बाइक लेकर फुटबॉल मैच देखने के लिए तिरूलडीह थाना क्षेत्र के पंडरा गया था। पर वहां से फिर घर वापस नहीं लौटा। इस बीच पता चला कि वह रात में फुटबॉल मैच देखने के बाद दोस्तों के साथ दयलाटांढ़ में एक भट्टी पर शराब पीने पीने पहुंचा था। उधर, ताफी तलाशी के बावजूद जब सुबोध की कोई खोज खबर नहीं मिली, तो मृतक की पत्नी कोकिला देवी ने मंगलवार को ईचागढ़ थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया। इस बीच बुधवार की सुबह उसका शव कुएं से बरामद किया गया। दूसरी ओर, थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय ने बताया कि थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज है। जिसका शव भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन के आधार पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला दर्ज किया गया। हर पहलू पर जांच की जा रही है। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।



कुएं में तैरता सुबोध गोप उर्फ घासीया का शव।

# पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण करने के लिए घर-घर होगा सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में घर-घर सर्वे कार्य किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा ने नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि झारखंड पिछड़ा आयोग रांची की ओर से नगर निकायों में रहने वाले पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण करने के लिए घर-घर सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। संबंधित पदाधिकारी सर्वे कार्य को प्राथमिकता देते हुए खूंटी नगर पंचायत अंतर्गत सर्वे कार्य को त्रुटि रहित एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर संपन्न कराना सुनिश्चित करें, ताकि निर्धारित समय पर सर्वे की रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजी जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता ने नगर पंचायत अंतर्गत सभी 19 वार्डों में सर्वे का कार्य 18 दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान घर-घर सर्वे को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान जाति प्रमाणपत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेज की जांच कर जानकारी दर्ज करते हुए रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायतए सिटी मैनेजरए सुपरवाइजर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# बीडीओ ने किया सुंदारी पंचायत का दौरा, विकास कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के बीडीओ नवीन कुमार झा ने कहा कि चुनाव के कारण विकास कार्यों की गति कुछ धीमी हो गई थी। अब उन कार्यों में तेजी लाई जायेगी। सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं को नियमित रूप से निरीक्षण किया जाएगा। बीडीओ बुधवार को तोरपा प्रखंड की सुंदारी पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लेने के क्रम में बोल रहे थे। उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, पंचायती राज, एमडीएम सहित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कूप, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट पिट आदि का अवलोकन किया और इसमें पाई गई त्रुटियों को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने का निर्देश पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को दिया। निरीक्षण के क्रम में नव प्राथमिक विद्यालय नौवाटोली का भी भ्रमण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में 15वें वित्त के माध्यम से हैंडवाश यूनिट, पेवर ब्लॉक और आंगनबाड़ी केंद्र में हुए मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। वहां लाभुक समिति की ओर से बोर्ड नहीं लगाया गया था। इस पर बीडीओ ने दो दिनों के अंदर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास के लाभुकों से मिलकर उन्हें आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य विकास कार्यों में तेजी लाना है।

# यात्री बस-बाइक में भिड़ंत में एक की मौत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास बुधवार की सुबह 10 बजे यात्री बस और बाइक की हुई सीधी भिड़ंत में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ज्योतिष होरो के रूप में हुई है। वह रनिया थाना क्षेत्र के गरई डिगरी गांव का रहनेवाला था। जबकि इसी हादसे में मरचा मिशन निवासी आलोक टोपनो नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ज्योतिष होरो की पत्नी खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती है। ज्योतिष अपने दोस्त आलोक टोपनो के साथ अपनी बाइक से कंबल पहुंचाने अस्पताल जा रहा था। ओरमेंजा गांव के पास बाइक चालक ने विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस को सीधी ठोकर मार दी। इससे ज्योतिष हीरो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही ज्योतिष होरो की मां एंजलीना होरो और कई परिजन रेफरल अस्पताल पहुंचे। बेटे का शव देखते ही मां विलाप करने लगी। दूसरी ओर, तोरपा पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों का सौंप दिया।

# सुरक्षा ही उत्पादकता की कुंजी है : एके ठाकुर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी परियोजना में बुधवार को 67वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने की। निरीक्षण के लिए डीवीसी के तुबेद ओसीपी की टीम पहुंची थी। निरीक्षण दल के कन्वेनर परियोजना पदाधिकारी एके ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, अमित प्रसाद, राहुलकुमार गुप्ता, कौशलकुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अपद दास, सीसीएल आईएसओ मनीष मोहन, सीएमओएआई के एरिया सचिव लोकनाथ राणा उपस्थित थे। इस दौरान सीसीएल में इस वर्ष दुर्घटना में मारे गये कोयला कर्मियों श्रद्धांजलि दी गयी। रोहिणी पीओ राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत भाषण में परियोजना का परिचय व उपलब्धियों को बताया। वहीं, कन्वेनर एके ठाकुर ने कहा कि 'सुरक्षा ही उत्पादकता की कुंजी है'। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले खदानों में ही बेहतर उत्पादन हो सकता है। वहीं आईएसओ मनीष मोहन ने कहा कि कोयला खदान में सावेल जैसे भारी मशीन को आपरेट करने के दौरान सेफ्टी बेल्ट अवश्य लगाएं।

# चौकीदार नियुक्ति के लिए दौड़ प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 18 दिसंबर को बिरसा कॉलेज के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होनेवाली दौड़ को लेकर समाहरणालय सभागार में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी लोकेश मिश्रा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डीसी ने निर्देश दिया कि दौड़ के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। मेडिकल टीमए पेयजलए चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। दौड़ के लिए कोच की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिये। डीसी ने सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ दौड़ प्रक्रिया संपन्न कराने को कहा. बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी, डीसीएलआर, जिला स्थापना पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



# बचरा दक्षिणी पंचायत में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बचरा बाजारटांड़ में चतरा जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से पुरुष नसबंदी को लेकर 'हम दो हमारे दो, छोटा परिवार सुखी परिवार' अभियान के तहत मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से कलाकारों ने लोगों को जागरूक किया। साथ ही सरकार की ओरर से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक में टीम के कलाकारों द्वारा पुरुष नसबंदी पर सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा एवं लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जिले में आने वाले सभी पंचायतों में किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस मौके पर सहिया आशा देवी, ममता देवी, वार्ड सदस्य रामनंदन राम, संजय सोनी आदि मौजूद थे।

# खूंटी बिरसा कॉलेज में मना भाषा दिवस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज के मल्टीपरपस हॉल में बुधवार को भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोकगीत और कविताओं की प्रस्तुति दी। मुंडारी और नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों ने भाषा संरक्षण संवर्धन विषयक नाटकों का मंचन किया। वहीं, मुंडारी और नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों ने पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये, जो बिक्री सह प्रदर्शनी के लिए थे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या जेके किड़ो ने बच्चों को भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपनी मातृभाषा बोलने पर भी जोर दिया। कहा कि भाषा जोड़ने का काम करती है। यह सौहार्द्र को बढ़ाती है और अपनेपन का भी एहसास कराती है। कार्यक्रम को डॉ सीके भगत, पूनम माईति और राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ पुष्पा सुरीन, रीता मुंडू, तारीफ लुगुन, अनंत राम, डॉ संगीता बासुदेव हस्सा, रेशमा, संध्या, अंजू कुमारी, सुनीता टोप्पो, डॉ प्रियंकाए काली मुंडू, डॉ शीलाए अस्मिता, अल्पना, सुशील, प्रकाश प्रमाणिक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ कोरनेलियुस मिंज और डॉ सिजरेन सुरीन ने किया।

# जाह्नवी सरस्वती शिशु मंदिर में पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को पुस्कालय कक्ष का उद्घाटन हुआ। उक्त पुस्तकालय स्व. बालकेश्वरी देवी की स्मृति में उनके पति बलिराम प्रसाद एवं पुत्र चंदन प्रसाद व अंजुलाल देवी के सौजन्य से निर्माण कराया गया। जिसका अतिथियों ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षाप्रेमी बलिराम प्रसाद एवं चंदन प्रसाद ने कहा कि इस पुस्तकालय का लाभ विद्यार्थियों के साथ ही समाज के अन्य छात्र-छात्रायें भी उठायें। साथ ही पुस्तकालय को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए बलिराम प्रसाद की ओर से विशेष अर्थिक सहायता दी गयी। इस कार्य के लिए प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त करने के साथ ही उन्हे शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मुखिया पुतुल देवी, प्रीतम साहू, विद्यालय समिति प्रबंध के संरक्षक रामसेवक प्रसाद, सचिव सरजू प्रसाद, सह सचिव दीपक कुमार प्रसाद, विद्यालय के सदस्य पंकज कुमार प्रसाद, रीता प्रसाद, आचार्य संजय प्रसाद, रमाशंकर सिंह, ममता गुप्ता, सरिता गुप्ता, विजय कुमार, सरिता कुमारी, पिंकी कुमारी, रितिका कुमारी, मांती देवी आदि थीं।

## मुंडा जनजातीय समाज की बैठक में सरकार के खिलाफ नाराजगी

# मुंडा समाज से मंत्री नहीं बनाया जाना भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का गला घोंटने जैसा है : सुखराम मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** भगवान बिरसा मुंडा की धरती उलिहातु में बुधवार को मुंडा जनजाति समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान निर्मल मुंडा ने की। इसमें वर्तमान झारखंड सरकार के नवगठित मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा करते हुए नाराजगी जाहिर की गयी। वक्ताओं का कहना है कि इस बार विधानसभा चुनाव में मुंडा समाज से छह विधायक निर्वाचित होने के बाबजूद मंत्रीमंडल में किसी को भी शामिल नहीं किया गया, जो दुखद है। इससे पहले सभी मुंडा जनजाति समाज के लोग धरती आबा बिरसा के आदमकद प्रतिमा पर पारंपरिक पूजा कर भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर धरती आबा के वंशज सुखराम मुंडा को अड़की मुंडा समाज संरक्षक के देवनन्दन मुंडा पारंपरिक वस्त्र धोती का पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम प्रधान निर्मल मुंडा सहित अन्य मुंडा समाज के अगुवाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा के वंशज सुखराम मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज से मंत्री नहीं बनाया जाना भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का गला घोंटने जैसा है। वहीं देवनन्दन मुंडा ने कहा कि झारखंड मुंडा समाज की ओर से पूर्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन देकर मुंडा समाज से मंत्री बनाए जाने की मांग की गई थी। पर उनकी मांगों की अनदेखी की गई। वहीं, एंथोनी मुंडा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने उलगुलान किया पर अब मुंडा समाज हाशिए में है। सहदेव मुंडा ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के छह विधायकों को जिताकर मुंडा समाज ने गौरवान्वित किया। पर उनमें से किसी को मंत्री नहीं बनाया जाना दुःखद है। बैठक में भोला मुंडा, श्यामलाल मुंडा, सुमन मुंडा, टुईसा मुंडा, मंगा मुंडा, तुरी मुंडा, हीरा मुंडा, सुखदेव मुंडा, दिगंबर मुंडा, चंद्रमोहन मुंडा, जंगल मुंडा, एबिल मुंडा, मोगला मुंडा, महता मुंडा, लोदो मुंडा, बुधराम मुंडा, निर्मल पुरती, हनुक मुंडा, एक्सेल पुरती, देवी चरण मुंडा, दिनेश मुंडा आदि थे।



### एफसीआइ गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने बुधवार को जामटोली स्थित एफसीआई गोदाम पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एफसीआई गोदाम के स्टॉक पंजी का अवलोकन करने के साथ ही राशन निर्गत स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान गोदाम अधिकारी से बातचीत की और गोदाम स्टॉक की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और स्वच्छता का निरीक्षण किया। इसके बाद एसडीओ ने बताया कि गोदाम स्टॉक की स्थिति संतोषजनक है।

# पिपरवार में सीसीएल प्रबधंन-विस्थापित रैयतों की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कोयला खदान विस्तारीकरण एवं घर शिफ्टिंग को लेकर विस्थापित नेता बेनीलाल महतो की उपस्थिति में सीसीएल प्रबंधन एवं ग्रामीण विस्थापित रैयतो की बैठक बुधवार को बचरा संगम विहार क्लब में हुई। जिसमें ठेठांगी, तोरहद, सरैया व टमरसटांड़ गांव के विस्थापित शामिल हुए। बैठक में किरण टोप्पो, अनीता तिग्गा, रणवीर तिग्गा, दिनेश तिग्गा, जनेश तिग्गा, नूतन तिग्गा, नवीन तिग्गा और रामे टाना भगत आदि विस्थापितों की फाईल नौकरी के लिए सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में विचारधीन है। इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जल्द ही आठ विस्थापितों के नौकरी के लिए सभी प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया। सीसीएल प्रबंधन ने रैयत किरण टोप्पो से कोयला खदान विस्तारीकरण के लिए घर खाली करने का आग्रह किया। वहीं, रैयत किरण टोप्पो ने नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलने के साथ ही घर खाली करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने से सीसीएल प्रबंधन सामने वाली भूमि पर अपना कार्य करें। रैयत किसी भी प्रकार का कोई बाधा नहीं पहुंचायेगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से अशोका पीओ जेके सिंह, खान प्रबधंक एसके सिंह, एसओसी बिपिन बिहारी, सच्चिदानंद सिंह के अलावे ग्रामीण विस्थापितों की ओर से सुनील तिग्गा, किरण टोप्पो, नवीन तिग्गा, नूतन तिग्गा, अविनाश तिग्गा, जॉर्ज तिग्गा, जीवन तिग्गा, रामे टाना भगत, संतोष टाना भगत, सहदेव टाना भगत, जागे टाना भगत, प्रदीप टाना भगत, हरि टाना भगत, लक्ष्मी टाना भगत, ईश्वर उरांव, अमृत उरांव, परमेश्वर उरांव, सुरेंद्र टाना भगत आदि थे।

# अनियंत्रित ट्रक पलटा, दबकर मां-बेटे की मौत

## चालक पर शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** रांची-डालटेनगंज मुख्य पथ पर चान्हो के चटवल मोड़ के समीप बुधवार की सुबह 11 बजे सड़क दुर्घटना में मां व बेटे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मरने वालों की पहचान सुदामा गोस्वामी और लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक इस दिन 16 चक्कार ट्रक रांची से कोयला लेकर जा रही थी। तभी चटवल मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर वहीं पास से बाइक पर सवार अपनी मां लक्ष्मी देवी को लेकर सुदामा गोस्वामी भी गुजर रहा था। अचानक ट्रक के पलटने से मां-पुत्र दोनों ट्रक के नीचे दब गए। इस घटना में सुदामा गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मां लक्ष्मी देवी को पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने जेसीबी की मदद से बाहर निकाला और गंभीर अवस्था में रांची के रिम्स अस्पताल ले गये। जहां देर शाम लक्ष्मी देवी ने भी दम तोड़ दिया। वहीं घायल वाहन चालक मनोज पांडेय को भी पुलिस ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो वाहन चालक शराब के नशे में धूत होकर तेज गति से वाहन चला रहा था, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और यह दुर्घटना हुई। ट्रक गढ़वा के नगर उंटारी का बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से वाहन उस पर लदे कोयला को भी जब्त कर लिया है।




मृतक सुदामा गोस्वामी की फाइल फोटो और दुर्घटना ग्रस्त वाहन को उठाने की कोशिश करती क्रेन।

### रातू में दो बाइक के बीच हुई टक्कर में चार युवक घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मखमन्द्रों स्थित एनएच-75 में बुधवार की शाम चार बजे दो बाइक के बीच हुई टक्कर में चार युवक घायल हो गये। घायलों को रातू स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सभी को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मखमंद्रों स्थित एनएच 75 में दो बाइक के बीच की जबरदस्त टक्कर में दो युवको का पैर टूट गया। घायलों में सदाम हुसैन, समसुल हाजी हाजी चौक व शिवम कुमार व कुणाल पांडेय ब्रजपुर के बताये जा रहे है।

## हादसे में बाइक सवार की मौत



**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 23 के मलार चौक के निकट रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान पंकज उरांव (22) के रूप में हुई है। वह नगड़ी थाना क्षेत्र के एडचोरो गांव का रहने वाला है। घटना मंगलवार की रात 10.30 बजे की है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाईक और ट्रक को जब्त करने के साथ ही शव को कब्जे में लिया। बुधवार को शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पंकज उरांव बाइक पर सवार होकर इटकी मोड़ की ओर जा रहा था। तभी मलार चौंक के समीप गोदाम के निकट खड़े माल वाहक ट्रक को पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, बाइक के परखच्चे उड़ गये। परिजनों के अनुसार पंकज रात 10 बजे किसी को कुछ बताये बगैर बाईक लेकर घर से निकल गया था। जिसकी बाद में दुर्घटना की सूचना मिली।

## झारखंड सपा नेताओं ने गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बांटे



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड समाजवादी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हरातु पंचायत के ईदगांव में ठंढ़ से बचाव के लिए गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अनसारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सपा के विस्तार के लिए संगठन को मजबूत करना है। सपा जात-पात की राजनीति नहीं करती, बल्कि सभी समुदाय के लोगों का समान रूप से विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि गांव या पंचायत में विकास से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें जरूर अवगत करायें। उसका निराकरण अवशय किया जायेगा। मौके पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंनसारी, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक इम्तियाज ओहदार, सुरेन्द्र कुमार कालिंदी, हेमंत वर्मा, तौकीर आलम, एवं शिवप्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

## स्कूली छात्रों के बीच पोशाक का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बुधवार को प्रधानाध्यापिका अपर्णा तिग्गा व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीम गोप ने कक्षा एक व दो के छात्र- छात्राओं के बीच स्वेटर, मोजा, जूता व दो सेट स्कूल ड्रेस का वितरण किया। भीम गोप ने बच्चों को मन लगा कर पढ़ाई करने को कहा। बताया कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र- छात्राओं को हर छात्रवृत्ति, पोशाक और मिड जे मील सहित सहुलियत दे रही है। कहा कि छात्र-छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई करें तभी सरकार की योजना कारगर होगी। मौके पर मनबोध सिंह, विजय सिंह,केशव गोप आदि मौजूद थे।

## बेंच पर दो की जगह चार बच्चे बैठकर परीक्षा देने को मजबूर



**11वीं-12वीं विज्ञान, वाणिज्य व कला की शिक्षा व्यवस्था बदहाल, जिम्मेदार उदासीन - प्लस टू स्कूल में आधारभूत संरचना का अभाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस प्लस टू स्कूल में प्रबंधन सरकार की 'पढ़ेगा इंडिया तभी आगे बढ़ेगा इंडिया' के नारे को धता बताकर विद्यार्थियों को बैठने के लिए सही से ब्रेंच तक की व्यवस्था कर पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि छात्र-छात्राएं जमीन पर ही बैठ कर परीक्षा देने को मजबूर हैं। सरकार की सब पढ़े सब बढ़े और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा स्कूल पहुंचते ही दम तोड़ देता है। स्कूल की बच्चियां भी बताती हैं कि वे फर्श पर बैठ कर पढ़ाई करती हैं। इससे अभिभावक भी नाराज हैं। शिक्षक भी महसूस करते हैं कि वर्षा व ठंड के दिनों में बच्चों को जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करने में कठिनाई होती है। स्कूल में आधारभूत संरचना के अभाव के चलते ही कॉलेज से इंटर को हटाकर प्लस टू स्कूल में मर्ज कर दिया गया। लेकिन इसे देखने वाला ना तो संबंधित विभाग के अधिकारी हैं और ना ही जनप्रतिनिधि। जबकि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है। सरकारी विद्यालयों में दिन प्रतिदिन शिक्षा की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इधर, अभिभावकों ने इसके लिए सरकार व प्रशासनिक तंत्र को जिम्मेवार ठहराया है।

## लोकतंत्र से मिले अधिकारों की जानकारी सभी को होनी चाहिए: डॉ ज्योति वालिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** बनखेता, चुटुपालु, रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की आईक्यूएसी एवं एनएसएस इकाई की ओर से विश्व मानवाधिकार दिवस पर 'लीगल लिटरेसी आफ ह्यूमन राइट्सः इम्पावरिंग सिटीजनस, प्रमोटिंग जस्टिस' विषय पर मंगलवार को विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता उमेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर सह एनएसएस ऑफिसर में अभिषेक कुमार पांडेय उपस्थित हुए। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि उमेश कुमार श्रीवास्तव ने मानवाधिकार और उसकी रक्षा में कोर्ट की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। रामशोभा कालेज आफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने कहा कि सभी लोगों को लोकतंत्र से प्राप्त अधिकार की जानकारी होनी चाहिए। कर्तव्यों के पालन के प्रति भी संवेदनशील होने चाहिए। इस मौके पर रामशोभा कॉलेज एजुकेशन के सभी विद्यार्थी एवं व्याख्यातागण उपस्थित रहे। मंच का संचालन रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहायक व्याख्याता आकांक्षा सिंह एवं प्रज्ञा आदित्य ने किया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा-हमले के प्रतिवाद में सनातनियों ने बेड़ो में निकाली आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो हमले-हिंसा के प्रतिवाद में बुधवार को बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर से सनातनी एकता मंच के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली गयी। जो लोहरदगा रोड, महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़ व देवी मंडप होते हुए पुनः महादानी मंदिर पहुंचकर सभा में बदल गई। यहां वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले बंद करने और हिंदू धार्मिक स्थलों की रक्षा करने की मांग की। इस दौरान हाथों में तख्तियां लिए हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हिंसा व संत चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करने समेत अन्य मांगों को उठाया। साथ ही बांग्लादेश की युनुस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय, यमुना सिंह, भीम पाठक, रविंद्र वर्मा, मनोज सिंह, शशि गोप, मनोज बड़ाइक, एसपी साहू, बलराम सिंह, रंजन अधिकारी, आदित्य ताम्रकार, सुरजीत भगत व बसंती देवी आदि मौजूद थे।

## लापुंग से बालू लदे पांच टर्बो वाहन जब्त

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** रांची जिला खनन पदाधिकारी व लापुंग पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को लापुंग क्षेत्र से बालू लदे पांच टर्बो ट्रक को जब्त कर लिया है। रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने अवैध बालू उठाव की मिल रही शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए इस पर पूर्ण अंकुश लगाने का निर्देश दिया है। जिसके बाद से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा है कि अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि विधि सम्मत धाराओं के तहत वर्णित वाहन मालिकों, चालकों और बालू के अवैध उठाव में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पिपरवार कोयलांचल में बढ़ा ठंड का प्रकोप

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान है। दो दिन पहले हुई झमाझम बारिश के बाद बुधवार की सुबह बादल हटने के साथ ही धूप खिल उठा। इसके साथ ही क्षेत्र में कनकनी और शीतलहरी का प्रकोप चलने लगा। जानकारी के मुताबिक पूरे इलाके में सुबह में घना कोहरा, दिन में कनकनी और रात में शीतलहरी का प्रकोप दिखा। इस कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों एवं दैनिक मजदूरों को हुई। इधर, कोयलांचल के अधिकांश स्कूलों में ठंड को देखते हुए समय को आगे बढ़ा दिया गया है। बावजूद इसके ठंड से बच्चे परेशान है। वहीं, ठंड से बचने को लेकर चौक-चौराहों पर लोग अलाव जलाकर गर्मी लेते देखे गए। बचरा चार नंबर चौक, बस स्टैंड चौक, बाजारटांड़, राय बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजारों में दुकानदार खुद अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ठंड से बचाव को लेकर जिला प्रशासन एवं स्थानीय सीसीएल प्रबंधन की ओर से अभी तक चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## 12 मामलों का हुआ निष्पादन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन विभिन्न न्यायालयों से 18 मामले हस्तांतरित होकर रांची मध्यस्थता केंद्र आये थे, जिसमें 16 मामले सुलझाये गये थे। दूसरे दिन 19 मामले विभिन्न न्यायालयों से भेजे गये थे, जिसमें 14 मामलों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मध्यस्थों द्वारा सुलझाया गया था। वहीं तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न न्यायालयों से 12 मामले मध्यस्था केंद्र भेजे गये, जिसमें सभी 12 मामलों को मध्यस्थों के सुझबुझ और अथक प्रयास से सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है। इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। मालूम हो कि पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरूआत विगत 9 दिसंबर को हुई थी जो 13 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान वादकारी अपने वादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

## बाधा और बैक दौड़ के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण

### फुटबॉल में न्यातु गंझू ब्रदर्श को हराकर खूंटी एफसी सेमीफाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** फुटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 17वें दिन फुटबॉल क्वार्टर फाइनल में खूंटी एफसी और गंझू ब्रदर्श न्यातु के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल समाप्ति तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में खूंटी एफसी ने गंझू ब्रदर्स न्यातू की टीम को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार खूंटी एफसी के गोलकीपर सुकेश कुमार को मिला। वहीं, बालिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में राइट टू किक चाडिहुजिर की टीम ने वीपाइसी बाणपुर की टीम को 1-0 से हरा दिया। खेल के नौ मिनट 11 सेकेंड में 9 नंबर जर्सी से खेल रही पूजा टुडू ने शानदार गोल कर दर्शकों का दिल जीत लिया और अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में वीवाइसी चाडिहुजिर का मुकाबला जसपुरिया एफसी अगरटोली की टीम के बीच हुआ। जहां पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 के अंतर से गोल कर वीवाइसी चाडिहुजीर की टीम फाइनल में पहुंच गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोलकीपर संगीता कुमारी को मिला। दूसरी ओर, बाधा दौड़ 100 मीटर में बालिका माइनर रोशनी कुमारी स्वर्ण, मायूती कुमारी रजत, रिया कांस्य पदक, 200 मीटर दौड़ जूनियर बालिका रिंकी कुमारी स्वर्ण पदक, वर्षा कुमारी रजत, अवंती कुमारी कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों को भाजपा किसान मोर्चा झारखंड के महामंत्री अर्जुन सिंह ने पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि इस क्षेत्र में इतना भव्य एवं बड़ा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही आश्वस्त किया कि अगले वर्ष बोकारो जिला से सभी खेलों में खिलाड़ी भाग लेंगे। वहीं, समाजसेवी अरविंद ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता अजगुत करमाली भी कार्यक्रम में शामिल हुए। हुए। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, सचिव राजकुमार, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, प्रदीप कुमार, अक्षय रजवार, मिथिलेश तिवारी, उमाकांत शुक्ला, अक्षय रजवार, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की खूंटी इकाई की ओर से कर्रा प्रखंड प्रशासन के सहयोग से बुधवार को कर्रा प्रखंड में स्वास्त्य जांच सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्गाटन बीडीओ स्मिता नगेशिया और खूंटी सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। अतिथियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोगों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. साथ ही रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने का आग्रह किया। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी खूंटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू और उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल आदि थे।

## इटकी में डॉ अशोक नर्सिंग होम का उद्घाटन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** बनिया टोली से मुकुंद जाने वाले पथ पर बुधवार को डॉ अशोक नर्सिंग होम का उद्घाटन लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने किया। इस नर्सिंग होम में फिलहाल कई डॉक्टरों की टीम ओपीडी चला रही है। इस मौके पर अभिषेक कुमार, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ मंनजय, राजू यादव, अभिषेक पांडेय, अंकुर तिवारी, राकेश राम, कृष्णा माहली और अभय पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बुंडू में अलाव की व्यवस्था की गयी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए बुंडू प्रशासन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों की ओर से चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने बताया पिछले एक सप्ताह से पांच परगना क्षेत्र में तापमान तेजी से गिरावट आई है। ठंड के साथ कनकनी भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि वृद्ध व जरूरतमंद लोगों के बीच जल्द ही कंबल का वितरण किया जाएगा। जिला को डिमांड भेजा गया है। एक सप्ताह के अंदर कंबल वितरण का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, नगर पंचायत की ओर से बुंडू बस स्टैंड, सुभाष चौक, पुराना बाजार, नवरात्रि टोली, कुम्हार टोली, ब्लॉक चौक में अलाव जलाया गया है। बतातें चलें कि बुधवार को बुंडू का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया।

# भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने कंबल और अलाव व्यवस्था की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** बढ़ते ठंड में कंबल वितरण में देरी को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से जरूरतमंदों के बीच शीघ्र कंबल वितरण तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यस्था की मांग की है। उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीबों व असहायों को बांटे जाने वाले कंबल वितरण में देर होने से बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हरिहरगंज सहित पलामू जिले में पिछले तीन दिनों से ठंड लगातार बढ़ रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार और जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस ओर ध्यान आकर्षित करने की बात कही है। प्रेस वार्ता में पर संजय जायसवाल, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंभू सिंह, विजय पासवान, रामचंद्र चौधरी, सत्येंद्र पासवान, राजकुमार चौधरी, केदारनाथ ठाकुर तथा कपिल यादव आदि शामिल थें।

# वीडी राम ने लोकसभा में उठाया मंडल डैम के निर्माण का मुद्दा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्य काल के अंतर्गत पलामू प्रमंडल के अति महत्वपूर्ण परियोजना उत्तरी कोयल जलाशय मंडल डैम के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित मामले को उठाया।

श्री राम ने कहा कि झारखंड राज्य के लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय मंडल डैम परियोजना स्थित है। इस परियोजना में झारखण्ड राज्य के पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अद्योग धंधों



की जरूरत की परिकल्पना है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना के पुननिर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री ने 05 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। प्रधानमंत्री जी के द्वारा शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी। परन्तु डूब क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग 6 महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है। विदित है कि डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास तथा शेष कार्यो के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा 4 अक्टूबर 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं। उक्त राशि राज्य सरकार को मिल चुकी है। परन्तु राज्य सरकार ने उक्त राशि को डूब क्षेत्र के ग्रामीणों का मुआवजे और पुनर्वास हेतु वितरित नही किए जाने के कारण परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है।

सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मॉग करता हूँ कि राज्य सरकार को उक्त परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाये।

## महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेनी खुर्द गांव में शिक्षक पंचम सिंह के आवास परिसर में पांच दिवसीय महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान से गांव परिसर मंत्रों से गुलजार है। पांच दिवसीय यह अनुष्ठान वाराणसी के चर्चित पंडित सोनू मिश्रा के नेतृत्व मे ब्राह्मणों की टीम द्वारा जारी है।आयोजन की महत्ता पर विस्तृत चर्चा करते हुए हुये उन्होंने कहा कि महामृत्युंजय जाप करने से कई दोषों का नाश होता है। जिसमे नाड़ी दोष, कालसर्प दोष, दु:स्वप्न दोष, रोग आदि से मुक्ति मिलती है। मुख्य यजमान रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि आध्यात्मिक अनुष्ठान से सुकून व शांति मिलती हैं। वही हवन से पर्यावरण शुद्ध होता है। अनुष्ठान का 14 नवंबर को समापन होगा। मौके पर मनोज सिंह, बबलू सिंह,राकेश सिंह, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

## कॉलेज के लिए निकली छात्रा लापता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के शिवा बीघा गांव से कॉलेज जाने के लिए निकली छात्रा 9 दिसंबर से लापता हो गयी। परिजनों के खोजने पर भी जब कुछ पता नहीं चला, तब उन्होंने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के परिजनों ने बताया कि 9 दिसंबर की सुबह उक्त छात्रा कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। कुछ भी पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी ।

# काम में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, होगी कार्रवाई : लोकपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/ पलामू।** मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने बुधवार को प्रखंड के सभागार भवन में मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रोजगार सेवक को दिशा-निर्देश देते हुए लोकपाल ने कहा कि मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने की पूरी जिम्मेदारी रोजगार सेवक की है। उन्होंने रोजगार सेवकों से कहा कि किसी भी कीमत पर मनरेगा कानून का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। कानून का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोजगार मुहैया कराना है। इस दौरान पंचायत वार सभी योजनाओं की समीक्षा की उसके पश्चात जिस पंचायत में कम मानव दिवस पंचायत के रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया कि यह सभी पंचायतों में मानव दिवस श्रृजन को बढ़ायें। उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना एवं डोभा, शेड आदि योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत कर ससमय कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बताया कि मनातू प्रखंड में सैकड़ों काम चल रहा कुछ योजना कजरात है और कुछ योजना पूर्ण हो चुका है 21- 22 में जो योजना लंबित है बहुत जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। साथ उन्होंने बताया कि मनातू प्रखंड क्षेत्र के रंगिया पंचायत के गढ़गांव गांव में फर्जी निकासी का मामला सामने आया था हमने उसे गांव पहुंचकर अवलोकन किया तो पाया गया कि मुनिया देवी के खेत में डोभा निर्माण कार्य उतना ही कराया गया है जितना कि पैसा निकासी किया गया है। लोकपाल ने सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और चेतावनी भी दी कि यदि कार्यों में कोई गलती पायी जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मौके पर बीपीओ रणधीर कुमार प्रकाश, कनीय अभियंता नवीन कुमार नीरज, विकास कुमार, सहदेव यादव, इकबाल अंसारी, नारद यादव, संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, रामजी राम समेत सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# आयुक्त ने जेडआरएस के संतरा बगान और हरिहरगंज के अमरूद बगान का किया अवलोकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र (जेडआरएस), चियांकी परिसर में अवस्थित संतरा बागान का भ्रमण कर संतरा के पेड़ों एवं उसमें लगे फलों का अवलोकन किया। कम बारिश एवं उच्च तापमान वाले पलामू जैसे स्थान पर संतरा के फलों को देखकर वे काफी प्रभावित हुए। भ्रमण के दौरान उपस्थित जेडआरएस के सह निदेशक डॉ. अखिलेश साह ने आयुक्त को जेडआरएस द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अनुसंधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। आयुक्त ने संतरा



बागान के साथ-साथ वहां मेढ़ विधि में लगे अरहर की खेती एवं विभिन्न प्रजातियों के गेहूं की लग रही फसलों का अवलोकन किया। इसके अलावा अनुसंधान केन्द्र में तैयार की जा रही पौधे, पॉली हाउस के माध्यम से खेती की विधि, उनके गुणवत्ता एवं उपज, आम, आंवला, अमरूद की बागवानी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इधर पिछले दिनों आयुक्त ने हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटकोंबा गांव में बंजर भूमि पर किसान अजय मेहता द्वारा की गई अमरूद की खेती सहित मौसंबी एवं अन्य उद्यानिकी फसलों का अवलोकन कर जानकारी ली। किसान अजय मेहता सैकड़ों एकड़ भूमि पर उद्यानिकी फसलों को लगाया है। आयुक्त को किसान अजय मेहता ने बताया कि उनके बागान में उत्पादित थाई प्रजाति की अमरूद बिहार के पटना, गया एवं अन्य दूसरे शहरों में भेजा जाता है।

# उत्सव झूलन मेला का प्रमुख ने किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/ पलामू।** पांकी सिंचाई विभाग के मैदान में बुधवार को प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित चौहान, मुखिया प्रेम प्रसाद, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने उत्सव मेला का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही सभी अतिथियों ने मेले में भ्रमण कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त किया और मेले में लगे झूलन में बैठे कर झूलन का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी पांकी सिंचाई विभाग के लालू मैदान में झूलन मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के काफी सारे साधन उपलब्ध है। छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं और पुरुषों के लिए इस बार झूलन मेला में खास रूप से मनोरंजन के लिए साधन उपलब्ध कराया गया है।

मौके पर अजय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, पप्पू यादव, बबलू सिंह, हरिओम सिंह, चंदन गुप्ता, विजय सिंह, गुड्डू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# यातायात सुलभता को लेकर प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** शहरी क्षेत्र में यातायात सुलभता के उद्देश्य से बुधवार को अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सीओ मनीष कुमार सिन्हा, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, एसआइ रंजित कुमार सिंह के अलावा कई अधिकारियों ने एनएच 139 हरिहरगंज ब्लॉक गेट से लेकर अररुआ मिडिल स्कूल तक सड़क किनारे के दुकानदार बेहतरीब तरीके से अपने प्रतिष्ठान के इर्द गिर्द सामान फैलाकर रखने वाले और चार व दो पहिया वाहन मालिकों से सड़क अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए कहा गया। वहीं नगर प्रशासन ने क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों के दुकान को हटाते हुए सभी व्यवसायियों को सख्त हिदायत देते हुए दुबारा अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान नगर प्रशासन ने व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठानों के सामानों को सीमा रेखा के अंदर रखने का निर्देश दिया है। नप प्रशासक ने कहा कि अतिक्रमण कर शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा

**सतबरवा/ पलामू।** सतबरवा में बुधवार को भी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान सतबरवा मेलाटांड़ साप्ताहिक हाट बाजार क्षेत्र और एनएच किनारे से बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

# बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का बेहतर प्लेटफॉर्म है विज्ञान प्रदर्शनी : सोमा खंडौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर / पलामू।** पूनम तिवारी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बिश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को मॉडल आधारित विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। जिसका उद्घाटन नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत व स्कूल के निदेशक एनके तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिसमे बाद अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। बिश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि यह विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा



को निखारने का बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा। विज्ञान प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं के द्वारा वैज्ञानिक अवधारणाओं, प्रयोगों और परियोजनाओं को प्रस्तुत करने का एक मौका भी उपलब्ध करता है। निदेशक एनके तिवारी ने कहा कि आज हम सभी पूरी तरह विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर निर्भर हैं। इसलिए छात्र जीवन से ही बच्चों में वैज्ञानिक सोच एवं अभिरुचि को विकसित करना होगा। यह विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को भी जागृत रखेगा। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने हस्तकला,व्यर्थ समान,विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल के द्वारा अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य आर के सिंह, श्याम चंद्रवंशी, चंदन शर्मा, सोनू कुमार, शशि बाला, सानू कुमारी, वर्षा राजक सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में पांच घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला- नबीनगर मुख्य सड़क पर सोनबरसा व लोटनीय गांव के बीच अपाची व बुलेट बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जिसमे एक गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बुलेट पर सवार होकर पांडु थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी दो लोग जपला की ओर आ रहे थे जपला की ओर से अपाची बाइक पर सवार होकर बिहार के तीन युवक नबीनगर की ओर जा रहे थे, उसी क्रम में उक्त सड़क पर जोरदार टक्कर हो गयी।

## स्पोर्ट्स



बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है। बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है।

# आइसीसी रैंकिंग में हैरी ब्रूक नंबर वन पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आइसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर पहुंच गये हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रुट को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा हुआ है। बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है।

बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गये है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र



जडेजा छठे स्थान पर है।

**हैरी ब्रूक नंबर वन टेस्ट बल्लेबाज**

आइसीसी की ओर से जारी नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गये हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। दूसरे पायदान पर जो रूट है। उनकी रेटिंग 897 की है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 812 की रेटिंग के साथ तीसरे और भारत के यशस्वी जायसवाल 811 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बने हुए हैं।

**ट्रेविस हेड को 6 स्थान का फायदा**

भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रेविस हेड का मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गये हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गये हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गये हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गये हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जल पथ प्रमंडल सं0-2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11/2024–2025
(मद–जिला योजना अनाबद्ध निधि)

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरकटठा प्रखंड के बेडोकला के सुदन साव के घर से आंगनबाडी केंन्द्र तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 2495800 | 50000 | 5000 | 2 Months |
| 2 | कटकमसांडी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत–रोमी ग्राम – छडवा में दीपक ठाकुर के घर से प्रदीप राणा के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 2400700 | 48100 | 5000 | 2 Months |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 18.12.2024 अपराहन 2:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 19.12.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 2:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 19.12.2024 को अपराहण 2:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 341786 Water Resource(24-25)#D

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Chatra.**

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/CHATRA/ 21/2024-25 दिनांक:– 11.12.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bar Association Building at Chatra | Rs. 2,45,58,700.00 | 11 (Eleven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.12.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 24-12-2024 को अपराहन 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26-12-2024 को अपराहन 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Chatra

PR 341772 (Building) 24-25 (D)

# डालसा के लिए अब किन्नर, पूर्व सैनिक व शिक्षक भी करेंगे काम

## समाज के हर तबके को जागरूक बनाने के लिए घर-घर पहुंचेगी डालसा की टीम: न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** समाज के हर तबके तक कानूनी जागरूकता फैलाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवाने में मदद करने के लिए किन्नर, पूर्व सैनिक, पूर्व शिक्षक भी डालसा के लिए काम करेंगे। झालसा के निर्देश पर समाज के हर तबके से जुड़े ऐसे 10 लोगों को पीएलवी नियुक्त किया गया है। झालसा के निर्देश पर 10 नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के बाद बुधवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी व अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आम लोगों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में कई सार्थक प्रयास किए गए हैं। इसी क्रम में विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से विभिन्न इलाकों में पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है। अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) सचिव राकेश रोशन ने बताया कि इस बार समाज के हर तबके से डालसा के प्रतिनिधि के रूप मे पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है, जिसमें किन्नर समाज से श्वेता किन्नर, शिवानी किन्नर, रिटायर्ड सैनिक अशोक कुमार सिंह, डॉ रुद्र नारायण दे, डॉ प्राण मोहन, शिक्षक वर्ग से उदय राम, संतोष कुमार, अजहरुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा और सुंबुल केशर शामिल हैं जो प्रशिक्षण के बाद डालसा के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे। नवनियुक्त पीएलवी श्वेता किन्नर व शिवानी किन्नर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज डालसा के साथ जुड़कर वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। न्यायपालिका ने उन्हें इस काबिल समझा और उन्हें सम्मान दिया। कहा कि गरीब और असहाय लोग भी न्याय पा सकें और लोगों के छोटे-छोटे झगड़े शुरुआती दौर पर ही आपसी बातचीत, समझौते के साथ सुलझ सकें। इसके लिए हम सभी पैरा लीगल वालंटियर गांव-समाज में जाकर न्याय के लिए प्रयासरत लोगों को त्वरित न्याय दिलवाने, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में प्रशासन के सहयोग से काम करेंगे।



प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र तिवारी व अन्य गणमाव्य लोग।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका से मिलकर विस्थापितों ने समस्याओं से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विधायक श्वेता सिंह ने बुधवार को बोकारो के उत्तरी विस्थापित क्षेत्रों में रह रहे लोगों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ रांची जाकर राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने मंत्री को अवगत करवाया कि विगत 75 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बोकारो के विस्थापितों की समस्या जस की तस बनी हुई है। बतातें चलें कि बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को ना तो पंचायत में शामिल किया गया और ना ही किसी अन्य व्यवस्था में, जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका। इस कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित रह गये। हालांकि यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती है, लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं। नियोजन, विद्युत, सड़क, पेयजल, शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी इन क्षेत्रों में जर्जर है। शहर से समीप होने के बावजूद यह क्षेत्र सभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस लिए आग्रह है कि सभी मामले को बिंदुवार व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए निदन करें। इस अवसर पर राज कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल, महेश मंडल, जन्मजय महतो, अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार, संतोष मुर्मू, सरोज कुमार, विनोद राय और कलाम अंसारी उपस्थित थे।

# घनी आबादी में नाले में गिरा तेल टैंकर, बड़ा हादसा टला




नाले में फंसे तेल टैंकर को निकालने का प्रयास करता चालक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बस्ताकोला राजापुर में संचालित देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए 40 हजार लीटर तेल लेकर जा रहा एक टैंकर बस्ताकोला के घनी आबादी वाले क्षेत्र में सड़क किनारे एक नाले में गिर गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा कि बनारस से 40 हजार लीटर तेल लेकर चला हिंदुस्तान पेट्रोलियएम का टैंकर देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी में जा रहा था। लेकिन तंगी गली होने के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और टैंकर के बाए साइड का चक्का सड़क किनारे नाली में जा गिरा। वहां सड़क के दोनों किनारे कई घर हैं, और यह एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। उधर, घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी में बड़े वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बने हुए हैं। पर शॉर्टकट के चक्कर में कुछ चालक घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं। इस रास्ते पर आने के लिए उन्होंने टैंकर के चालक को फटकार भी लगाई। इधर, टैंकर चालक ने बताया कि उन्हें इस रास्ते पर जाने के लिए देवप्रभा कंपनी के मामा नामक व्यक्ति ने कहा था। वह इस तंग गली से अनजान था। फिलहाल इस दुर्घटना के बाद से इस मार्ग पर आवागमन बाधित है। कंपनी क्रेन की मदद से टैंकर को नाली से बाहर निकाल कर आगे ले गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय एकता शेर सेना सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस पर बुधवार को रणधीर प्रसाद वर्मा चौक के निकट धरना स्थल पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें भारतीय एकता शेर सेना के संस्थापक रंजन गुप्ता, मृत्युंजय चौरसिया, अमित कुमार, उदय शंकर प्रसाद, ऋषिकेश प्रसाद, रवींद्र कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मेजिस्ट्रेट नारायण राम एवं रविन्द्र नाथ ठाकुर के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी की भाजपा नेत्री तारा देवी भी शामिल हुई।

# भौंरा साउथ कोलियरी के ऑटो गैरेज में बदमाशों का धावा, लाखों की लूट

**हरवे-हथियार से लैश ले लूटेरे, घटना के बाद से कर्मचारियों में भय, बीसीसीएल ने थाने में नहीं दर्ज कराई शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/भौंरा।** बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौंरा साउथ कोलियरी के ऑटो गैरेज में मंगलवार की रात करीब दो दर्जन बदमाशों ने धावा बोल दिया। सभी हरवे हथियार से लैस थे। गैरेज में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर बंदक बना लिया। इसके बाद जमकर लूटपाट की। पता चला है कि बदमाशों ने यहां से करीब तीन लाख रुपये से अधिक की लौह सामग्री, केबल व अन्य उपकरण लूट ले गये। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंच गये और छानबीन शुरू कर दी हैं। पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई है। पुलिस भी जांच में जुट गई है। दूसरी ओर, घटना के बाद से ऑटो गैरेज में काम करने वाले कर्मियों के बीच दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि आए दिन अपराधी पहुंचकर लूटपाट कर रहे हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाने से उनका मनोबल बढ़ाते जा रहा है। वहीं, भौंरा ओपी प्रभारी ने बताया कि बीसीसीएल की ओर से अब तक लिखित शिकायत नहीं की गयी है। शिकायत मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# बेरमो एसडीएम ने गोमिया प्रखंड कार्यालय में की बैठक, कर्मचारियों को दिये कई निर्देश



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत एवं रोजगार सेवकों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने की। इस दौरान अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने कहा कि प्रखंड में लक्ष्य के अनुसार कर्मचारीयों द्वारा कार्य तीव्र गति से नहीं किए जाने के कारण लाभुकों का आवास समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। संबंधित कर्मचारी 30 दिसंबर तक पहली किस्त की मिली राशि के अनुसार कार्य शुरू करवाएं और इसकी प्रगति रिपोर्ट दें। इसके बाद कार्य के अनुसार दूसरी व तीसरी किस्त जारी करें। सभी कार्य का अविलंब शत प्रतिशत जियो टैग करें। इसके बाद लाभुकों के घर जाकर कार्य में आ रही समस्या को तुरंत दूर करें। उन्होंने चेताते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीडीओ महादेव कुमार महतो, बीपीओ मनोहर दास, आशीष कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आरके मिश्रा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार, पंचायत सेवक रितु कुमारी, सोनम कुमारी और ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# तेनुघाट में लगा जनता दरबार, कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को तेनुघाट अतिथि भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बोकारो जिला अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी को बुके और शाल देकर सम्मानित किया गया। जनता दरबार में अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित कई स्टॉल लगाए गए थे, जहां बैठे संबंधित अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने में लगे थे। वहीं तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ शंभू कुमार की अगुआई में मेडिकल कैंप भी लगाया गया था। इस संबंध में जिले के अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से व्यक्तिगत एवं सामूहिक लाभ से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ पंचायत एवं ग्राम स्तर पर दिलाने के लिए सार्थक रूप से प्रयास किया गया। इस अवसर पर गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम केरी के राजेश कुमार, पलिहारी गुरूडीह के बाबूलाल नायक, गोसे के लालचंद बेसरा एवं हरदियामो के रामजी मांझी को प्राकृतिक आपदा के आश्रित को 4-4 लाख रुपए की राशि दी गई। वहीं मनरेगा स्वीकृति के तहत पत्र-जाब कार्ड के लाभ में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में शीला देवी, रोपनी देवी, गीता देवी, सर्वजन पेंशन योजना में लीला देवी, कलावती देवी, सुशीला देवी, जॉब कार्ड में रूपा देवी, सबिता देवी, निशा देवी, धर्मनाथ राम, मुर्गी शेड में हुसैन अकबर, अफसाना परवीन, सुअर शेड में गोपाल रविदास तथा गाय शेड में गुलफसा खातून को दिया गया। पलाश विभाग की ओर से जनता दरबार में सामुदायिक निवेश राशि गोमिया के सुशीला देवी एवं लीलावती देवी को 4.57 करोड़, चक्रीय निधि में चंद्रपुरा के बॉबी कुमारी एवं रहिमा खातून को 28.50 लाख, सामुदायिक उद्यमिता निधि में कसमार की ललिता देवी एवं नावाडीह की रीना देवी को 35 लाख तथा बैंक लीकेज में पेटरवार की रेखा देवी एवं तेनुघाट की तबस्सुम आरा के बीच 24 लाख रुपए ( कुल पांच करोड़ 69 लाख 50 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/89/2024-25**

दिनांक– 10/12/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रोंजेक्ट भवन, धुर्वा रॉंची एम0डी0आई0 भवन, मान्नीय मुख्य मंत्री के सभागार, ट्रेजरी भवन, कैन्टिन भवन, बैरक प्रोजेक्ट भवन में अधिष्ठापित विद्युतीय उपकरण, पैनल, कैम्पस लाईट एवं 6 अदद् 200 के0वी0ए0, 1 अदद् 250 के0वी0ए0 एवं 1 अदद् 500 के0वी0ए0 जनित्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य 11 अदद् लिफ्ट लिफ्ट के संचालन का कार्य। | 1,47,94,939=00 | 10,000=00 | 2,96,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.12.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 24.12.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 02.01.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 03.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

**PR 341752 (Energy)24-25*D**



कार्यालय :– जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा।

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्रथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु चलन्तम ग्राम क्लीनिक के संचालन हेतु आयुषद चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक का चयन हेतु रिक्तियों के आलोक में Walk in Interview हेतु पुनर्विज्ञापन।

विज्ञापन संख्या :–07/2024 साक्षात्कार की तिथि :–17.12.2024

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक– 05/पी–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक– 25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रमों के निवासियों को प्रथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित " चलंत ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहाय की Walk in Interviewके आधार पर पूर्व में दो बार आयुष चिकित्सको तथा चिकित्सा सहायकों चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था किन्तु आरक्षण कोटि के अनुसार अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नांकित पद रिक्त रह गयें है।
चलंत ग्राम क्लीनिक" गढ़वा जिला के लिए रिक्तियों के आलोक में आयुष चिकित्सक तथा चिकितसा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, मानदेय एवं अन्य विवरण निम्नांकित है:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की सं0 | | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कोटि | रिक्त पदों की सं0 | | |
| 1 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/Homoeopath/unani with working Knowledge of Computer | SC | 05 | रू 21000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM To 06:00 PM |
| | | | ST | 02 | | |
| | | | TOTAL | 07 | | |
| 2 | चयनित आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | | |
| 3 | Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नहीं होगा। | | | | | |
| 4 | "चलंत ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए 5000 (पॉच हजार) रूपया प्रतिमाह देय होगा। | | | | | |

नोट :– "चलन्त ग्राम" क्लीनिक के लिए चयन आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा किया जाने वाला कार्य :–

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत "चलन्त ग्राम क्लीनिक" में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ०पी०डी० का संचालन
3. प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल
4. ऐनिमिया और अन्य गैर संबारी रोग अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच।
5. टी०बी० एवं मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त–पट्ट संग्रह।
6. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों/योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों का निष्पादन

उक्त आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के चयन करने हेतु अन्य शर्ते, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.inअथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक 17.12.2024 को पूर्वाहन 11 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ Walk in Interview हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 341741 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)


## चिंता : रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

# भारत की एकता-अखंडता के लिए भाषायी भेदभाव घातक : जलेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो का स्वागत करते रवि महतो स्मारण टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव व अन्य

**महुदा।** रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को भाषाओं के माध्यम से एकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रशासक मधुसुधन महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व कॉलेज प्राचार्य ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बीएड सत्र-2024-26 के अंशु तिवारी, दीपीका, पूजा, विजेता, उज्जवल, याशी, नवीन, प्रियेश, सौरभ, वंदना, रवि, नितिश आदि विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार पेश किये। इस बीच जलेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि आज बदलते परिवेश मे भाषायी भेदभाव बढ़ा है जो देश की एकता एवं अखंडता के लिए घातक है। वहीं विद्यालय प्रशासक मधुसुधन महतो ने कहा कि भौगौलिक दृष्टिकोण से भाषा में परिवर्तन होता है। इस परिवर्त्तन में भी भाषाओं की नैतिकता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने कहा कि आज देश के विघटनकारी तत्वों में भाषा का भी प्रमुख स्थान है। भाषा विचारो एवं भावों का प्रकटीकरण है। भारत में भाषायी विविद्यता है। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव से बचने की आवश्यकता हैं। कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ सजल बनर्जी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान अर्जित करना चाहिए और अपनी भाषा में सरलता, सहजता एवं मधुरता लाना शिक्षक का प्रमुख जिम्मेदारी है। वहीं, डीएलएड के विभागाध्यक्ष डॉ नवीन मंडल ने कहा कि इस संसार में सभी प्राणी एवं जवी-जंतुओं की अपनी भाषा होती है। उसको समझने की आवश्यकता है। इस मौके पर विजय महतो, डॉ मंजू कुमारी, रविकांत पांडेय, सबिता कुमारी, त्रिलोकीनाथ बिंद, मोहन लाल महतो के अलावा संचालन शिवानंद एवं अजीत आदि उपस्थित थे।

# सरकार बंजर भूमि में दाल की पैदावार बढ़ायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य में दालों के उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से, ओड़िशा सरकार ने चावल परती प्रबंधन पर व्यापक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कई संस्थानों और संगठनों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। लगभग 16 लाख हेक्टेयर चावल परती क्षेत्रों और घटती मिट्टी की उर्वरता के साथ, कृषि और किसान सशक्तिकरण विभाग ने चालू खरीफ सीजन में व्यापक चावल परती प्रबंधन (सीआरएफएम) को बढ़ाकर 4.55 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है। उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य इन क्षेत्रों में कम अवधि वाली दालों (हरा चना, काला चना, चना, मसूर, मटर और घास मटर) और तिलहन फसलों (सरसों और तिल) की खेती करके अवशिष्ट मिट्टी की नमी का अधिकतम उपयोग करना है।

# सीएम मोहन माझी ने शहर में बेहतर सार्वजनिक परिवहन पर जोर दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** राज्य की राजधानी भुवनेश्वर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली और यातायात प्रबंधन सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। माझी लोक सेवा भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसके दौरान लोक निर्माण विभाग और आवास और शहरी विकास (एच एंड यूडी) विभाग ने भुवनेश्वर में यातायात की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न सड़क परियोजनाओं को प्रस्तुत किया। निर्माण विभाग ने जयदेव विहार को नंदनकानन से जोड़ने वाली नयी सड़क, पटिया रेलवे स्टेशन से दया पश्चिम नहर रोड को छूने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-16 तक एक रिंग रोड, सुंदरपाड़ा-जटनी रोड, पीतापल्ली-त्रिसुलिया रोड का उन्नयन और गणित संस्थान से एकमरा कानन तक नयी सड़क पर एक अद्यतन जानकारी दी।

जयदेव विहार से नंदनकानन तक समानांतर सड़क भूमि अधिग्रहण और वन डायवर्सन सहित अन्य मुद्दों सहित कई समस्याओं के कारण कछुए की गति से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने पहले एचएंडयूडी विभाग को 34 किलोमीटर लंबी दया पश्चिम नहर के लिए एक नयी योजना तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसमें से 16 किलोमीटर शहर से होकर गुजरती है। विभाग ने बैठक में कल्पना स्क्वायर से म्यूजियम चौक होते हुए रवि टॉकीज तक प्रस्तावित फ्लाइओवर, शिशु भवन से मौसीमा चौक तक एक अतिरिक्त रेल ओवर ब्रिज और तमांडो-पैकरापुर-चंदका-बारंग-पहल-हंसपाल-लिंगीपुर-धौली-तमांडो क्षेत्रों को जोड़ने वाली आंतरिक रिंग रोड के लिए उठाए गए कदमों और प्रगति के बारे में भी जानकारी दी। आवास एवं शहरी विकास विभाग ने भुवनेश्वर-कटक-पुरी आर्थिक क्षेत्र के गठन पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की, जो आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए भुवनेश्वर, कटक और पुरी को जोड़ने वाला एक नियोजित आर्थिक गलियारा है, तथा ग्रेटर भुवनेश्वर, जो आसपास के क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक बड़ा शहरी समूह बनाने और बुनियादी ढांचे में सुधार करने की एक और पहल है। जो भुवनेश्वर और कटक के आसपास 110.87 किलोमीटर लंबा, छह लेन का प्रवेश-नियंत्रित राजमार्ग है, जिसका उद्देश्य एनएच-16 पर वाहनों को खुर्दा शहर, भुवनेश्वर, अथागढ़ शहर, कटक और चौद्वार शहर को बायपास करने की अनुमति देकर यातायात की भीड़ को कम करना है। उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रवती परिदा, निर्माण मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, आवास एवं शहरी विकास मंत्री कृष्ण चंद्र महापात्रा, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, विकास आयुक्त अनु गर्ग, प्रमुख सचिव, निर्माण वीवी यादव और प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी विकास उषा पाधी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 2035 तक भारत स्थापित करेगा अपना स्पेस स्टेशन

- इसका नाम 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' होगा
- 2040 तक भारतीय को चांद पर उतारा जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा। इसे 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' नाम दिया जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. सिंह ने बताया कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरुआत में, गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जायेगा। साथ ही भारत अपने गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है।

**स्टार्ट-अप्स में बढ़ोतरी और स्पेस सेक्टर में सुधार:** डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर को मैनेज करने के लिए एक नये कानून पर काम कर रही है। इस सेक्टर में पिछले चार साल में प्राइवेट प्लेयर्स ने सैटेलाइट के निर्माण और लॉन्च में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां स्पेस स्टार्ट-अप्स की संख्या सिर्फ एक थी, वह अब बढ़कर 266 हो गयी है। भारत ने श्रीहरिकोटा लांच साइट से अब तक 432 विदेशी उपग्रह लांच किये हैं, जिनमें से 397 पिछले 10 साल में ही लांच किये गये हैं। इसके साथ ही, सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के तहत बनाये इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर जैसी सरकारी संस्था बनायी है जो निजी संस्थाओं को प्रोत्साहित करने, रेगुलेट करने और उन्हें स्पेस सेक्टर में काम करने की अनुमति देने में अहम भूमिका निभाती है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले चरण को सेट-अप करने के लिए गगनयान मिशन को शुरू करने का टारगेट रखा है। इसके अलावा, चंद्रयान-4 के जरिए चंद्रमा की चट्टानों के नमूने वापस लाने, शुक्र ग्रह का अध्ययन करने और नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल्स तैयार करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। भारत का लक्ष्य 2047 तक विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनना है।

# राहुल ने कहा, हम अडाणी पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे

## नड्डा बोले, कांग्रेस सोनिया-सोरोस का रिश्ता बताये

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 12वां दिन था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम अडाणी मुद्दे पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे। राहुल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मुलाकात की और कार्यवाही से अपमानजनक बातें हटाने की मांग की। राहुल ने कहा कि हमारा मकसद है कि संसद चले। सदन में चर्चा हो। वे (सत्ता पक्ष) मुझे क्या कहते हैं, ये मायने नहीं रखता। हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हो। इधर, राज्यसभा में सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। राज्यसभा पहले 12 बजे तक, फिर 12 दिसंबर तक स्थगित कर दी गयी।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है, ये सामने आना चाहिये। उन्होंने कहा कि दो दिन से हमारे लोग इस बात को उठा रहे हैं कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का सवाल है। यह देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नचिह्न है। हम सोरोस पर इसलिए बात करना चाहते हैं, क्योंकि हम आम आदमी के लिए प्रतिबद्ध हैं। चेयर पर आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यह मुद्दे को भटकाने के लिए कुत्सित प्रयास है।

# नियम 377 के तहत पाणी ने दिया नोटिस



भाजपा नेता रुद्र नारायण पाणी।

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सरकार आने के बाद ओडिशा राज्य को रेलवे में जो बजट मिल रहा है और जिस प्रकार का विकास हो रहा है, वह अतुलनीय है। इसलिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम पड़ेगी। फिर भी पिछड़ापन और गरीबी के कारण रेलवे की दृष्टि से ओडिशा का और विकास किये जाने की आवश्यकता है। अतः मेरा यह विनम्र निवेदन है कि ओडिशा जैसे राज्य के सभी इलाकों को पूर्व तट रेलवे के दायरे में लाया जाये। राज्य के बालेश्वर, बारिपदा, बड़बिल, राउरकेला, झारसुगुड़ा, ब्रजराजनगर और बेल पहाड़ जैसे एरिया को पूर्व तट रेलवे के अधीन लाया जाए। अंगुल जिले के बूढ़ापंक से ढेंकानाल जिले के पर्जंग कामाक्षा नगर, भुवन होकर याजपुर जिले के सुकिदा रोड खंड में सवारी गाड़ी चलायी जाये, उसी रूट देकर लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन भी चलायी जा सकती है। 'तालचेर-विमलगढ़' निमार्णाधीन रेलवे लाइन के निर्माण कार्य को और गति दी जाये और शीघ्रातिशीघ्र संपूर्ण किया जाये।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक नयी 33 केवी लाइन स्थापित की


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** बुर्ला टीपीडब्ल्यूओडीएल टाटा पावर और ओडिशा सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवाएं प्रदान करने के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे को बदल रहा है और उसका नवीकरण कर रहा है। इस संबंध में, बरगढ़ जिले के सोहेला और बरगढ़ सदर प्रखंडों के घरेलू, औद्योगिक और कृषि उपभोक्ताओं के लिए भटली 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन से दशमाइली 33/11 केवी प्राथमिक सबस्टेशन तक एक नयी 33 केवी लाइन बिछाई गयी है। हालांकि, फिलहाल इन दोनों प्रखंडों के बिजली उपभोक्ताओं को तुरुंगा और दसमाइल प्राइमरी सबस्टेशन से बिजली की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन बिजली की अधिक मांग के कारण ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। परिणामस्वरूप, तुरुंगा फीडर लाइन से बिजली प्राप्त करने वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है और नये बिजली कनेक्शन में भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए इन समस्याओं को हल करने के लिए भटली 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन से सातमाइल 33/11 केवी प्राथमिक सबस्टेशन तक एक नई और समर्पित 33 केवी लाइन का निर्माण किया गया है। लाइन बढ़ा दी गयी है, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या खत्म होगी और बिजली आपूर्ति में स्थिरता आयेगी। इस परियोजना के माध्यम से, सोहेला और बरगढ़ सदर ब्लॉक के सातमाइल, तुरुंगा, शिरीगिडा, सरकंडा, बिशिपाली, सोहेला, खरमुंडा, जटला, बुधीयापाल्ली, सहजाबाहाल और नुआगांव जैसे क्षेत्रों के लगभग 25,000 बिजली उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए, टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रवीण बर्मा ने कहा, यह बरगढ़ जिले के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक अनूठी पहल है। परियोजना का काम मात्र 3.5 महीने के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। इस पर कुल 5.7 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

# वेदांता एल्युमीनियम ने स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'वेदक्षता' कौशल प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बिलेइमुंडा गांव में एक नया कौशल प्रशिक्षण केंद्र 'वेदक्षता' स्थापित किया है। यह प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र के वंचित युवाओं को प्लेसमेंट से जुड़ा प्रशिक्षण प्रदान करेगा और सुंदरगढ़ जिले के हेमगीर ब्लॉक और झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर ब्लॉक के महत्वाकांक्षी युवाओं को रोजगार उपलब्ध करायेगा। कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन सुंदरगढ़ सदर के उप-कलेक्टर दशरथी सरबू, ओएएस ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया।

इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए, वेदांता एल्युमीनियम ने स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के संयुक्त उद्यम लर्ननेट स्किल्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। केंद्र सिलाई मशीन संचालन, विद्युत रखरखाव और खाद्य और पेय सेवा पर पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इस परियोजना का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 700 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करना है, ताकि उन्हें उनके आस-पास के क्षेत्रों से परे अवसरों से जोड़ा जा सके।

'वेदक्षता' को पहले ही समुदाय से अच्छी प्रतिक्रिया मिल चुकी है, जिसमें 105 छात्रों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच के लिए नामांकन कराया है। कौशल प्रशिक्षण केंद्र समकालीन बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है, जिसमें एक बहुउद्देशीय हॉल, एक डिजिटल प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न ट्रेडों के लिए प्रशिक्षण कक्ष और लड़के और लड़कियों दोनों के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा है।

इस पहल पर बोलते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा, युवाओं को कौशल प्रदान करना क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को ऊपर उठाने के हमारे मिशन के केंद्र में है। 'वेदक्षता' कौशल प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल से लैस करने, उन्हें स्थायी कमाई के अवसरों को भुनाने और प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ, कोल माइंस, डेविड स्टोन ने कहा, 'वेदक्षता' कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ लक्षित कौशल-निर्माण पहलों के माध्यम से आत्मनिर्भर समुदाय बनाने के वेदांता के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह केंद्र युवाओं को ऐसे करियर पथ तक पहुंचने में सक्षम बनायेगा जो उनके जीवन को बदल देगा। कंपनी के प्रयासों को रेखांकित करते हुए, सुंदरगढ़ के उप-कलेक्टर, ओएएस, दशरथी सराबू ने कहा, 'वेदक्षता' कौशल प्रशिक्षण केंद्र इस क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है। मैं युवा दिमागों को उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण से लैस करने और प्लेसमेंट के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की सराहना करता हूं।

वेदांत एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय, भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग हैं। वेदांत एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।




















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**